# सब का सपना

Tittle Code :-UPHIN 51223

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र






वर्ष–01 अंक–07 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार, 11 दिसंबर से 17 दिसंबर 2023 पेज–08 मूल्य 5 रूपये


जरूर पढ़ें

## अगले दस दिन में होगी इंडिया गठबंधन की अगली बैठक

**नई दिल्ली:** इंडिया गठबंधन की अगली बैठक को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक विपक्षी दलों के इस गठबंधन की बैठक अगले दस दिनों में हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक इस बार यह बैठक दिल्ली में होगी, जहां विपक्ष के सभी बड़े नेता जुटेंगे। यह भी बताया गया है कि इस दौरान शीट शेयरिंग का फॉर्मूला सबसे बड़ा एजेंडा होगा। गौरतलब है कि तीन राज्यों में करारी हार के बाद कांग्रेस के लिए मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि इसके चलते वह शीट शेयरिंग में निगोसिएशन में भी नुकसान उठा सकती है। हाल ही में आए चुनाव परिणामों में जहां कांग्रेस ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता गंवा दी। वहीं, मध्य प्रदेश में भी वह कोई चमत्कार करने में असफल रही।

## केसीआर से मिलने अस्पताल पहुंचे रेवंत

हैदराबाद : तेलंगाना के पूर्व सीएम और बीआरएस सुप्रीम केसीआर इन दिनों अस्पताल में हैं। गिरने की वजह से उन्हें चोट आई थी और इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी भी की गई है। रविवार को तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी केसीआर से मिलने अस्पताल पहुंचे। बता दें कि 69 साल के केसीआर अपने फार्माउस में ही गिर गए थे। इसके बाद उन्हें यशोदा अस्पताल में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों का कहना है कि केसीआर अब ठीक हैं और कुछ ही समय में वह फिर से अपना काम शुरू कर पाएंगे। कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने मुलाकात के दौरान उनसे बात भी की। उन्होंने केसीआर के जल्दी ठीक होने के कामना की है।

# विष्णुदेव साय होंगे छत्तीसगढ के नए मुख्यमंत्री

## बीजेपी ने रविवार को छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर दिया.

नई दिल्ली, एजेंसियां



बीजेपी ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर दिया. छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे. आदिवासी समाज से आने वाले विष्णु देव साय का नाम रविवार को हुई बीजेपी विधायक दल की बैठक में तय किया गया. इस बार बीजेपी ने राज्य में आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लेकर सभी को चौंका दिया. हालांकि इससे पहले ही अनुमान लगाया जा रहा था कि अगर बीजेपी रमन सिंह को मुख्यमंत्री नहीं बनाती तो वह ओबीसी या फिर आदिवासी समुदाय से आने वाले किसी नेता को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाएगी. रविवार को आखिरकार विष्णुदेव साय के नाम मुहर लगा दी गई और अब वह राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे. इसके साथ ही राज्य में दो उपमुख्यमंत्री भी होन की खबरें सामने आ रही हैं.

**मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल इन नेताओं के नाम** : राज्य में बड़े दावेदारों की बात करें तो पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के अलावा केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह, गोमती साय, राम विचार नेताम, अरुण साव के नाम सबसे ऊपर चल रहे थे. राजनीतिक विश्लेषकों ने पहले ही यह अंदेशा जताया था कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री को लेकर चौंकायेगी. और ऐसा ही हुआ. केंद्रीय नेतृत्व ने विष्णु देव साय को प्रदेश की कमान सौंपकर सभी को चौंका दिया. ऐसा इसलिए क्योंकि राज्य के प्रभारी ओम माथुर ने भी चुनाव के दौरान एक बात कही थी कि जो भी मुख्यमंत्री बनेगा, वह नाम चौंकाने वाला होगा.

**साय ने जताया पार्टी का आभारः** छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगने के बाद विष्णुदेव साय ने पार्टी आभार जताया. उन्होंने कहा, ₹आज, मुझे सर्वसम्मति से विधानसभा के नेता के रूप में चुना गया है, मैं पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभारी हूं कि उन्होंने अपना योगदान दिया और मुझ पर विश्वास जताया.

**एसटी के लिए आरक्षित 29 में से 17 सीटों पर जीती बीजेपीः** बता दें कि छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति यानी एसटी के लिए कुल 29 सीटें आरक्षित हैं. जिनमें से इस बार बीजेपी ने 17 सीटों पर जीत दर्ज की है. राज्य में आदिवासी समुदाय की कुल हिस्सेदारी 32 फीसदी है.

इससे पहले साल 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 29 में से मात्र तीन सीटों पर ही जीत दर्ज की थी. इस बार विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने आदिवासी बहुल सरगुजा संभाग की सभी 14 सीटों पर जीत हासिल की है. बता दें कि साल 2018 के चुनाव में सरगुजा संभा की सभी 14 आदिवासी सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी और राज्य में सरकार बनाई थी, लेकिन इस बार बीजेपी ने इस संभाग की सभी सीटें जीत कर राज्य की सत्ता में एक बार फिर से वापसी कर ली.

गौरतलब है कि विष्णु देव साय, रेणुका सिंह, रामविचार नेताम और गोमती साय इसी संभाग से आते हैं. जबकि अरुण साव और ओपी चौधरी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आते हैं. ये दोनों नेता भी राज्य में मुख्यमंत्री पद की रेस में शामिल थे.

बता दें कि छत्तीसगढ़ में ओबीसी समुदाय की हिस्सेदारी 45 फीसदी है. इस बार बीजेपी ने राज्य की कुल 90 सीटों में से 54 सीटों पर जीत दर्ज की है. जबकि 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने 68 सीटें जीती थीं, लेकिन इस बार कांग्रेस सिर्फ 35 सीटें जीतने में ही सफल रही.

## रमन सिंह होंगे छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर, दो उप–मुख्यमंत्री

**नई दिल्लीः** बीजेपी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम से साथ–साथ उपमुख्यमंत्री और स्पीकर के नाम की भी घोषणा कर दी. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर होंगे. जबकि अरुण साव और विजय शर्मा को राज्य के उप–मुख्यमंत्री का पदभार दिया गया है. बता दें कि बीजेपी ने यूपी के बाद छत्तीसगढ़ में दो उपमुख्यमंत्री बनाए हैं. जबकि छत्तीसगढ़ में दो डिप्टी सीएम बनाने के ये पहला प्रयोग किया गया है. रविवार को राजधानी रायपुर में हुई बीजेपी विधायक दल की बैठक में विष्णुदेव साय नेता चुना गया और इसी के साथ राज्य के नए मुख्यमंत्री का नाम भी सामने आ गया. विष्णुदेव साय राज्य के मुख्यमंत्री, जबकि अरुण साव और विजय शर्मा छत्तीसगढ़ के उप–मुख्यमंत्री होंगे.



राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर होंगे . जबकि अरुण साव और विजय शर्मा को राज्य के उप–मुख्यमंत्री का पदभार दिया गया है .

**विष्णुदेव साय ने राज्यपाल से की मुलाकात** :विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद विष्णुदेव साय राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मुकालात की. इस दौरान उन्होंने सरकार बनाने का दावा भी पेश किया. बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजे चार राज्यों के साथ–साथ 3 दिसंबर को सामने आ गए थे. जिसमें राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से बीजेपी ने 54 पर जीत दर्ज की. जबकि कांग्रेस को इस चुनाव में सिर्फ 35 सीटें ही मिली. पूर्व बहुमत मिलने के बाद मुख्यमंत्री के नाम को लेकर कवायद शुरू हुई. जिसके लिए बीजेपी ने तीनों राज्यों (राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़) के लिए पर्यवेक्षक चुनकर भेजे. रविवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का नाम तो सामने आ गया लेकिन मध्य प्रदेश और राजस्थान में अभी भी सीएम के नाम को लेकर चर्चा चल रही है.

रविवार को पार्टी पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में पार्टी के सभी नव निर्वाचित विधायकों ने साय को अपना नेता चुन लिया. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने साय के नाम का प्रस्ताव रखा और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने उनका समर्थन किया. बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय राज्य के सरगुजा संभाग की कुनकुरी सीट से चुनाव जीते हैं. इस संभाग की सभी 14 विधानसभा सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की है.छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद विष्णुदेव साय ने मीडिया से कहा कि, "एक मुख्यमंत्री के रूप में, मैं सरकार के माध्यम से मोदी की गारंटी को पूरा करने की कोशिश करूंगा. " उन्होंने कहा कि राज्य में 18 लाख घरों को मंजूरी देना उनकी सरकार का पहला काम होगा.

## विजयवीर सिद्धू ने चैम्पियनशिप के अंतिम दिन जीत की हासिल

मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी परिसर में 20 स्वर्ण सहित 45 पदकों के साथ हरियाणा पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। महाराष्ट्र (13 स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य) दूसरे जबकि पंजाब 10 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर रहा।इस साल की शुरुआत में एशियाई खेलों में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड–फायर पिस्टल टीम के कांस्य पदक विजेता विजयवीर ने 587 का स्कोर बनाकर सीआईएसएफ (केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के उदित जोशी को पीछे छोड़ा। जोशी 582 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

हिमाचल प्रदेश के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार (575 के साथ 16वें) और सेना के ओलंपियन गुरप्रीत सिंह (578 के साथ 11वें स्थान) का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है



## घने कोहरे की चपेट में आने वाले हैं ये 5 राज्य, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, हो जाएं सावधान!

नई दिल्ली, एजेंसियां



साल के आखिरी महीने में उत्तर भारत के हिस्सों में मौसम तेजी से बदल रहा है। सुबह और शाम के वक्त ठंड से कंपकपी बढ़ने लगी है। कई राज्यों में सुबह में कोहरे की धुंध छाई रहती है तो शीतलहर का प्रकोप भी शुरू हो गया है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) ने रविवार और सोमवार को 5 राज्यों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार, उत्तरी मध्य प्रदेश, उप–हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में अलग–अलग इलाकों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। अगर उत्तराखंड की बात करें तो वहां पारा तेजी से लुढ़क रहा है। क्टऊके मुताबिक, अगले हफ्ते उत्तर भारत के राज्यों में ठिठुरन और बढ़ जाएगी। इसलिए लोगों को पहले से सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

नई दिल्ली के कई इलाकों में कोहरे के चलते सुबह और शाम के वक्त लोगों को आवाजाही में दिक्कतें पेश आ रही हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के धौला कुआं इलाके में रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। उढउइ ने बताया कि दिल्ली के मुनिरका में भी आज वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' श्रेणी में है। मौसम विभाग ने सोमवार को धुंध छाए रहने की संभावना जताई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 24 और नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मालूम हो कि शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा 51 और 100 के बीच को संतोषजनक 101 और 200 के बीच को मध्यम, 201 और 300 के बीच को खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, 401 और 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर 'अति गंभीर' माना जाता है।

साल 2047 तक केंद्र सरकार की योजना 4500 वंदे भारत ट्रेनों को लॉन्च करने की है।

## यूपीवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी, चलेंगी छह और वंदे भारत ट्रेनें

नई दिल्लीः एजेंसी



**नई दिल्लीः** भारतीय रेलवे लगातार वंदे भारत ट्रेनों की लॉन्चिंग कर रहा है। अब तक लगभग सभी राज्यों को एक या उससे ज्यादा ट्रेनें मिल चुकी हैं। साल 2047 तक केंद्र सरकार की योजना 4500 वंदे भारत ट्रेनों को लॉन्च करने की है।

आने वाले दिनों में कई और राज्यों के यात्रियों को वंदे भारत को लेकर खुशखबरी मिल सकती है। यूपी की राजधानी लखनऊसे छह जगह के लिए वंदे भारत चलाए जाने की बात हो रही है। लोकसभा चुनाव से पहले यूपी को वंदे भारत ट्रेनों के रूप में बड़ी सौगात मिल सकती है।विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि लखनऊसे मुंबई, पुरी, कटरा, मेरठ, देहरादून, पटना आदि के लिए वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत होने वाली है। यह अगले लोकसभा चुनाव से पहले ही हो जाएगी। यानी कि अगले सवा सौ दिनों के भीतर यूपी को कम से कम छह नई वंदे भारत ट्रेनें मिलेंगी। इसमें से कई कम दूरी वाले रूट के लिए हैं तो कई पुरी, मुंबई, कटरा जैसे ज्यादा दूरी वाली ट्रेनें हैं। यदि ये ट्रेनें चलती हैं तो लखनऊवासियों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी होने वाली है।

> वंदे भारत की शुरुआत लखनऊ में शाम सवा सात बजे होती है और फिर यह ट्रेन अयोध्या रात में 9.13 मिनट पर पहुंचती है। यहां दो मिनट तक रुकने के बाद रात साढ़े दस बजे यह ट्रेन बस्ती पहुंच जाती है।

बता दें कि सबसे पहली वंदे भारत ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच शुरू की गई थी। यह ट्रेन वाया कानपुर होकर चलती है। इसके बाद अब एक वंदे भारत यूपी में और दी गई है। यह ट्रेन लखनऊसे गोरखपुर के बीच चलती है, जोकि वाया अयोध्या, बस्ती होकर जाती है। इस वंदे भारत की शुरुआत लखनऊ में शाम सवा सात बजे होती है और फिर यह ट्रेन अयोध्या रात में 9.13 मिनट पर पहुंचती है। यहां दो मिनट तक रुकने के बाद रात साढ़े दस बजे यह ट्रेन बस्ती पहुंच जाती है।

## देश के हाईकोर्ट में जजों के 198 पद खाली, केंद्र सरकार ने कॉलेजियम पर फोड़ा ठीकरा

नई दिल्लीः एजेंसी



देश के हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति में हो रही देरी को लेकर सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच चल रही खींचतान के बीच केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए कम से कम 42 सिफारिशें वर्तमान में अनुमोदन के लिए सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम के पास लंबित हैं। 60 सिफारिशों को पुनर्विचार के लिए संबंधित हाईकोर्ट को भेज दिया गया था।

उन्होंने कहा, हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा किसी समयसीमा का पालन नहीं किया जा रहा है। उच्च न्यायालयों में 198 पद खाली हैं। इसके लिए उच्च न्यायालयों के कॉलेजियम ने अब तक कोई सिफारिश नहीं की है। इसके कारण भारी बैकलॉग हो गया है। आपको बता दें कि वर्तमान में देश के 25 हाईकोर्ट में जजों के 29 प्रतिशत पद खाली हैं। जजों की कुल स्वीकृत पद 1114 हैं। एक दिसंबर तक 324 पद खाली थे। केंद्र सरकार ने साल 2022 में 165 और 2023 में 4 दिसंबर तक 110 न्यायाधीशों की नियुक्तियों को अधिसूचित किया है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने हाईकोर्ट कॉलेजियम के द्वारा सिफारिशों में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की है।

# ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी अब कर रहे लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी

**अमरोहाः** छात्र संघ से राजनीति की शुरुआत करने वाले ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी अभी हैं ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी के पद पर तैनात, 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हैं राजेंद्र सिंह खड़गवंशी

कभी राजेंद्र सिंह ने नहीं सोचा होगा कि वह राजनीति की शुरुआत करेंगे या आने वाले समय में वह कभी ब्लॉक प्रमुख बनेंगे लेकिन कहते हैं कि समय कब किस मोड़ पर ले जाए कहा नहीं जा सकता। राजेंद्र सिंह का जन्म हसनपुर तहसील के ग्राम अगरौला में हुआ था राजेंद्र सिंह शुरू से ही महंती थे और पढ़ लिखकर अधिकारी बनना चाहते थे। लेकिन कहते हैं कि समय को कुछ और ही मंजूर था। जैसे-जैसे बड़े हुए और पढ़ाई की तरफ उन्होंने कदम बढ़ाया तो मन बना क्यों ना राजनीती भी की जाए, तभी से वह छात्र संघ की राजनीति में सक्रिय हो गए। लेकिन जैसे-जैसे समय बदला वैसे ही राजेंद्र सिंह का भी मन बदलना शुरू हो गया। इसी बीच उनकी शादी हो गई। शादी होने के उपरांत उन्होनें





बीए द्वितीय वर्ष तक ही पढ़ाई पूरी की। इसके बाद से वह आगे पढ़ना चाहते थे और अधिकारी बनना चाहते थे। लेकिन तभी मन बदला और सोचा क्यों ना अब जनता के बीच रहकर समाजसेवा की जाए। क्षेत्र में चल रही समस्याओं का समाधान किया जाए। यह वही दौर था जब राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने अपनी पत्नी निर्वेश देवी को जिला पंचायत सदस्य के चुनाव मैदान में उतारा और उन्होंने 2005 में चुनाव जीतकर सामने वाले प्रत्याशी को करारी हार दी। 2005 से 2010 तक राजेंद्र सिंह की पत्नी निर्वेश देवी जिला पंचायत सदस्य के पद पर तैनात रही।मन था आगे और आगे बढ़ा जाए और समाज सेवा की जाए। समाजसेवा की आस और जनता पर विश्वाश को लेकर 2010 में फिर से उन्होंने चुनाव की तैयारी की और ब्लॉक प्रमुख के पद पर अपनी पत्नी निर्देश देवी का नामांकन कर दिया और यहां भी वे विजय हुए। 2010 से लेकर 2015 तक जनता के बीच रहकर जनता की सेवा करते रहें। मन था कि 2015 में फिर से चुनाव लड़ा जाए लेकिन सीट २ू आरक्षित होने की वजह से वह चुनाव नहीं लड़ पाए। लेकिन कोरोना काल के दौरान फिर से उनका मन बनता है कि क्यों ना फिर से ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ा जाए और कोरोना काल के दौरान 2021 में वह ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी के पद पर तैनात हुए 2021 से लेकर वह अभी तक गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख के पद पर तैनात है। अब उन्होंने मन बना लिया है कि अब आने वाले समय में लोकसभा चुनाव में वह लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे इसी को लेकर वह जनता के व पार्टी हाईकमान के साथ लगातार संपर्क में है। लगातार जनता के बीच जा रहे हैं जनता से भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील कर रहे हैं। इतना ही नहीं राजेंद्र सिंह खड़गवंशी लगातार हर दिन जनता दरबार लगाते हैं और क्षेत्र से आए हुए तमाम लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और उनका समाधान करते हैं। उनके द्वारा ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी के पद पर तैनात रहते हुए लगभग सभी ग्राम पंचायतो में सड़के, नाला निर्माण आदि कार्य कराए है और वह कहते हैं कि यदि भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर 2024 में भरोसा जताया तो फिर से मैं लोकसभा सांसद बनकर जनता की सेवा करूंगा और जनता से किए गए वादों पर खरा उतरूंगा। बता दें कि राजेंद्र सिंह खड़गवंशी हसनपुर विधानसभा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के छोटे भाई हैं

संक्षेप खबरें

## बसपा ने छोड़ा है, अमरोहा नही छोडूंगा : दानिश

**अमरोहाः** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अमरोहा सांसद कुंवर दानिश अली के बसपा से निलंबन ने जिले का सियासी पारा चढ़ा दिया है। राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का नया दौर शुरू हुआ है। एक ओर उनके पार्टी के साथ ही अमरोहा छोड़ने की बात होने लगीं तो दूसरी खुद दानिश ने इसे सिरे से खारिज किया है। कहा कि पार्टी से निलंबन के बावजूद हर दम, हर कदम पर वह अमरोहा की जनता के साथ खड़ा रहेंगे और यहीं से अगला चुनाव भी लड़ेंगे। हालांकि आगे के सियासी सफर के सवाल को वह टाल गए।बीते आम चुनाव में अमरोहा लोकसभा सीट सपा-बसपा-रालोद गंठबंधन के तहत बसपा के खाते में गई थी। यहां पार्टी नेतृत्व ने कुंवर दानिश अली को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। चुनाव से ठीक पहले बसपा का दामन थामने वाले दानिश को तब प्रतिद्वंदियों ने पैराशूट उम्मीदवार करार दिया था। बावजूद इसके अपनी राजनीतिक कौशल और सांगठनिक क्षमता के बूते वह मतदाताओं को साधने में कामयाब रहे। उन्होंने भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे तब के सांसद कंवर सिंह तंवर को शिकस्त दे दी।

## फिल्म डायरेक्टर जिमी खान श्याम भक्त का आशीर्वाद लेने पहुंचे



**गवा '** मशहूर फिल्म डायरेक्टर जिमी खान अपनी नई एल्बम को लेकर श्री श्याम भक्त राधानंद दीक्षित महाराज का आशीर्वाद लेने उनके आवास पर गवा पहुंचे ' फिल्म डायरेक्टर जिमी खान ने बताया कि राधानंद दीक्षित महाराज के माध्यम से लोगों को लाभ मिल रहा है ' उनके माध्यम से लोगों के दुख दूर हो रहे हैं ' फिल्म डायरेक्टर जिमी खान एक नया एल्बम सॉन्ग बनाने जा रहे हैं,जिसको लेकर वह बहुत उत्साहित हैं और उन्होंने श्याम भक्त राधानंद दीक्षित महाराज से इसी गाने को लेकर प्रार्थना की और उनका आशीर्वाद लिया .

जिमी खान ने सर पर हाथ रखवाते हुए कहा कि मुझे ऐसा आशीर्वाद दें और श्याम बाबा से प्रार्थना करें कि मेरी आने वाली एल्बम सुपरहिट हो जाए ' आपकी जानकारी को बता दें कि फिल्म डायरेक्टर जिमी खान मुंबई में रहकर कई बड़े प्रोजेक्ट भी कर चुके हैं और बड़े-बड़े फिल्म स्टार के साथ उन्होंने काम किया है,अब वो आने वाली एल्बम को उत्तर प्रदेश के चुनिंदा स्थानों पर सूट करेंगे '

# स्कूल प्रबंधन ने किया पुरातन छात्र का स्वागत



**अमरोहा**/श्रीराम पब्लिक स्कूल में शनिवार को पुरातन छात्र अमित बटार का स्वागत किया गया। प्रबंधक अवनीश कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य वंश गुप्ता ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। अमित बटार ने कक्षा छह से 12 तक की पढ़ाई विघालय से प्रथम श्रेणी में की। इसके बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से अपनी आगे की पढ़ाई की। फिलहाल वह जापान में बतौर वैज्ञानिक अपनी सेवा दे रहे हैं। अमित बटार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। अपना काम पूरी ईमानदार और लगन के साथ करना चाहिए। इस दौरान आशु शर्मा, पुष्कर, अमित, नाजिया, गुलशाद, सारिका, ज्योति, प्रीति, कमाल, शिरीन, नगमा, अस्मत, मीनाक्षी, अरविंद आदि स्टॉफ मौजूद रहा।

# ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने पहुंची राजस्व टीम का विरोध



**अमरोहा।**आदमपुर थाना क्षेत्र के चंदनकोटा में ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटाने पहुंची टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध के चलते टीम बीच में ही बैरंग लौट आई।

खबर लगते ही सीओ व एसडीएम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की चेतावनी दी। विरोध व हंगामा करने वालों के खिलाफ थाने में तहरीर दी जा रही है।

बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत चंदनकोटा के राजस्व अभिलेखों में करीब तीन बीघा भूमि ग्राम समाज के नाम दर्ज है। इस भूमि पर गांव के दस से अधिक लोगों ने कब्जा करते हुए पक्के मकानों का निर्माण कर लिया है। गांव के ही राजेश कुमार व नरोत्तम वन ने गत दिनों मामले की शिकायत मंडलायुक्त से करते उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी। मंडलायुक्त के आदेश के क्रम में शुक्रवार दोपहर तहसीलदार सुदीप तिवारी के नेतृत्व में टीम गांव पहुंची तथा अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। दीवार को ढहाना शुरू किया था कि एकत्र होकर पहुंचे ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया और हंगामा करने लगे। इस दौरान एक महिला बेहोश हो गई। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए टीम वापस लौट आई। बाद में एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी व सीओ अरुण कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे। कब्जा धारकों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी जा रही है। एसडीएम ने बताया कि अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

## केक काटकर मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



**अमरोहा :**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी का 77वां जन्मदिन उत्साह संग मनाया। केट काटकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। शहर कांग्रेस कमेटी के संयोजन में शुक्रवार को प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष फैज आलम राईनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने हमेशा उनके कुशल नेतृत्व में समाज के दबे-कुचले वर्ग के लिए आवाज उठाई। साहसी लीडर के साथ ही वह धैर्य और निस्वार्थ बलिदान के साथ विपरीत परिस्थितियों से लड़ते हुए दयालुता का प्रतीक रही हैं। बेहद चुनौतीपूर्ण दौर में उन्होंने कांग्रेस को धैर्य के साथ आगे बढ़ाया। वह यूपीए सरकार की वास्तुकार की भूमिका में भी रहीं। जनता को राशन उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा बिल भी संसद में पास कराया। इस दौरान हाजी खुर्शीद अनवर, अली इमाम रिजवी, इंतेजार मेंहदी नकवी, यासिर अंसारी, इकराम हुसैन जैदी, आबिद खान, डा.मुशर्रफ, दिलशाद हुसैन, निसार अहमद, नजम खान आदि मौजूद रहे।

# रात्रि गश्त मिलान के लिए सड़क पर उतरी पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**अमरोहा।** जिले में चोरी, लूट, छिनैती समेत तमाम अपराधों को नियंत्रित करने के लिए शुक्रवार रात गश्त मिलान अभियान चलाया गया। सड़क पर उतरे जिले समेत सीमावर्ती जिलों के पुलिस अफसरों के संयुक्त नेतृत्व में बार्डर से गुजरने वालों वाहनों व संदिग्धों की चेकिंग की।

एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में आगामी त्योहारों के साथ ही अपराध नियंत्रण व कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के नजरिए से अमरोहा पुलिस अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार रात एएसपी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी सर्किल सीओ के अलावा थाना व चौकी प्रभारियों ने आपराधिक तत्वों की रोकथाम व सुदृढ़ पुलिसिंग के मद्देनजर गश्त मिलान अभियान चलाया। दूसरे जिलों के पुलिस अफसरों के साथ बार्डर पर चेकिंग की। निर्धारित स्थान पर गश्त मिलान कर अपराध पर रोकथाम के लिए सूचनाओं का आदान प्रदान किया। गश्त मिलान के दौरान रास्ते में पड़ने वाले गांवों के हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के साथ महत्वपूर्ण मार्गों पर बैरियर लगाकर संयुक्त रुप से चेकिंग भी की गई।

# कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

अमरोहा :विकास खण्ड हसनपुर के ग्राम पतेई भूड़ में माननीय राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश / प्रभारी मंत्री अमरोहा श्री संजय गंग वार जी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम , वितरित किया लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिलाई विकसित भारत संकल्प यात्रा के पंच प्रण की शपथ , किया गर्भवती महिलाओं की गोद भराई .

मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग उत्तर प्रदेश / प्रभारी मंत्री जनपद अमरोहा संजय सिंह गंग वार जी द्वारा विकासखंड हसनपुर के ग्राम पतेई भूड़ के चंद्र भान इंटर कॉलेज में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया । इस अवसर पर माननीय मंत्री जी द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित अधिकारी कर्मचारी ग्रामीण जनों को विकसित भारत के पंच प्रण की शपथ दिलाई गई ।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि स्वयं सहायता समूह सहित अन्य



विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया । इस अवसर पर विभिन्न लाभार्थी जो की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो चुके थे उन्होंने अपना अनुभव भी शेयर किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा

कि हमारा संकल्प विकसित भारत है भारत को विकसित करने के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं । गरीबों के विकास के लिए हर वर्ग से सम्बंधित योजनाए चलाई गई । गरीबो किसानो माताओं बेटियों के सम्मान के लिए सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है गरीबों को गैस का चूल्हा दिया है धुवें से मुक्ति मिली है । सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के एक करोड़ 75 लाख गैस कनेक्शन दिया गया है ।

कहा कि महिलाएं आत्म निर्भर हो रही है 05 लाख का निःशुल्क इलाज के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना चलाई गई है जो बहुत ही लाभदायक सिद्ध हो रही है । कहा कि मिशन शक्ति के तहत बहन बेटियों की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाए गए हैं । सभी योजनाओं के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाई गई है उन योजनाओं को लागू करने के लिए सरकार आपके द्वार आयी हुई है ।

आज एक इमानदर सरकार की जरूरत है। कोरोना के समय सरकार ने फ्री में राशन और वैक्सीन दिया है सभी को योजनाओ का लाभ मिला है । बहू बेटियों की गोद भराई का कार्य किया जा रहा है ।

सरकार गरीबों के कल्याण के लिए संकल्पित है उन्हें बिना भेदभाव के पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक उन योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के पहुंच रहा है । कार्यक्रम के अंत में माननीय मंत्री जी ने कार्यक्रम स्थल पर आईसीडीएस विभाग द्वारा आयोजित गर्भवती महिलाओं के गोद भराई के कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर फलों से भरी हुई पोषण पोटली देकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना किया साथ ही शिशुओं को अन्न प्रासन किया तथा कुपोषित से सुपोषित हुए बच्चों को प्रमाण पत्र दिया ।

# अमरोहाः कमीशन खोरी के खेल में जमीनों का बढ़ता दाम

अमरोहा/उत्तर प्रदेश कमीशन खोरी के खेल में जमीनों का बढ़ता दाम ' आज चिंता का विषय है। भोला भाला इंसान अपना एक अच्छा घर बनाने के सपने को लिए आजकल महंगाई के इस दौर में परेशान हो चला है। अभी हाल ही में देखने गया कि किसानों ने सरकार को औद्योगिक गलियारों के लिए जमीन देने के लिए मना कर दिया जबकि अगर औद्योगिक गलियारों के लिए सरकार जमीन का अधिग्रहण करना चाहती है, सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति को रोजगार मिले। और जब रोजगार मिलेगा इंसान खुशहाल रहेगा, क्षेत्र आगे बढ़ेगा, लेकिन आखिर वजह क्या है, कि किसानों ने औद्योगिक गलियारो में जमीन देने के लिए स्पष्ट तौर पर मना कर दिया। किसानों ने विरोध जताना शुरू कर दिया, कहा कि हम औद्योगिक गलियारों के लिए जमीन नही देंगे। जब एक गरीब अपना आशियाना बनाने की सोचता है तो इस महंगाई की डर से वह भी शांत बैठ जाता है। और वजह साफ है कमीशन खोरी के खेल ने महंगाई को इतना बढ़ावा जो दिया है। आखिर कैसे हो गई इतनी महंगाई, आखिर क्यों एक गरीब अपना आशियाना नही बना पा रहा ऐसे ही अनेकों कारण है।

कहानी के माध्यम से समझेंगे गरीबी पर पड़ती महंगाई की मार

### कैसे करते हैं फर्जी डीलर अवैध प्लाटिंग समझते हैं पूरी कहानी!

अवैध प्लाटिंग करने वाले फर्जी डीलर जाते हैं किसान के पास। पूछते हैं क्या भैया आप जमीन बेचेंगे। किसान कहता है हां भैया जमीन बैच देंगे लेकिन हम तो 10 लख रूपए बीघा के लेंगे। और कुछ सौदा बाजी होकर जमीन तय हो जाती है। एग्रीमेंट जमीन का कराया जाता है 25 परसेंट धन हाथों-हाथ दे दिया जाता है और समय ले लिया जाता है 6 महीने, 11 महीने या फिर 3 महीने का और इसी बीच कर दी जाती है प्लाटिंग। प्लाटिंग के दौरान एक नया खेल होता है। इस जमीन में भराव डाला जाता है। और हां इनको परमिशन तो मिलेगी नही। इसीलिए यह भराव डालने का काम भी अवैध तरीके से कर ही देते हैं।

रामू ने श्यामू से कहा कि भैया आप प्लॉट ले लीजिए। श्यामू ने पूछा कितने रूपए गज है। रामू ने कहा तीन हजार रूपए गज है। श्यामू ने कहा भैया ज्यादा पैसा तो नही है हमारे पास हमको आप 100 गज दिला दीजिए। श्याम 100 गज का प्लॉट खरीदने का मन बना लेता है। श्यामू ने पूछा रामू से क्या भैया हमको इस प्लांट पर लोन मिल जाएगा। रामू ने कहा क्यों नही भैया आप प्लॉट लीजिए तो सही, हम आपको लोन भी दिला देंगे लेकिन जैसे ही श्यामू प्लॉट को खरीद लेता है और मकान बनाने के लिए कर्ज लेने बैंक जाता है तो पता चलता है कि भैया आपका प्लॉट उन गाइडलाइन के अंतर्गत नही आता जिसके अंतर्गत हम आपको लोन देते हैं। बैंक यह कहकर श्यामू को मना कर देता है। अब श्यामू भैया जाते हैं रामू के पास कहते हैं रामू भैया आपने तो कहा था की आपको इस प्लांट पर लोन मिल जाएगा लेकिन बैंक वालों ने तो यह कह कर मना कर दिया कि भैया यह गाइडलाइन के अंतर्गत नही आता हम आपको लोन नही दे सकते। भैया रामू बताओ अब क्या किया जाए हम तो सोच रहे थे कि यहां पर हमने प्लॉट ले लिया अब हम इसको बना भी ले।रामू ने कहा हां भैया आप इसको अब सरकार की गाइडलाइन के अंतर्गत करा लो। श्यामू ने पूछा भैया रुपया कितना लगेगा और कौन कराएगा। तो रामू ने कहा भैया आप तहसीलदार के पास चले जाओ वह आपको पूरी प्रक्रिया बता देंगे। अब श्यामू भैया जाते हैं तहसीलदार के पास, तहसीलदार ने कहा अरे श्यामू भाई आप कहां इस चक्कर में फंस गए इसमें तो पैसे का खर्चा बहुत आएगा। श्यामू ने कहा भैया हमको तो जिन्होंने प्लॉट दिलाया है। वह हमारे बहुत खास आदमी थे। उन्होंने कहा था कि आप प्लॉट ले लीजिए और बाद में आपको लोन मिल जाएगा। लेकिन अभी तो उन्होने यह कहकर टाल दिया कि भैया इसको आप सरकार की गाइडलाइन के अंतर्गत करा लीजिए।

इसीलिए हमें उन्होनें आपके पास भेजा है। तहसीलदार साहब ने कहा कि भैया ठीक है, अगर आप आ ही गए हैं, तो इसमें कुछ खर्चा होगा। श्यामू भैया ने कहा कि खर्चा बताइए। तहसीलदार साहब ने जैसे ही खर्चा बताया तो श्यामू तुरंत उटकर वहां से चला आया।आकर के रामू से बोला भैया जो खर्चा तहसीलदार ने बताया है। उतना तो हमारे पास नही है। अब हमने कुछ लोगों से कर्ज भी ले लिया था। इस प्लॉट को लेने के लिए उनका कर्ज भी देना है। उनका 3% या 5% का ब्याज चल रहा है। रामू कहता है तो भैया ऐसा कीजिए आप इस प्लॉट को वापस से बैच दीजिए। श्यामू ने कहा ठीक है भैया बैच दीजिए। कितने पैसे मिलेंगे, रामू ने कहा भैया यह तो कोई लेने वाला आएगा , तभी हम आपको बताएंगे। वैसे जितने का आपने खरीदा है, उतने पैसे तो हम आपको दिलवा ही देंगे। अब बेचारे श्यामू करते भी क्या, उनकी तो मजबूरी थी तीन लाख में से एक लाख का कर्ज जो लिया था। उस पर ब्याज चल रहा था। ईमानदार श्यामू कह देते हैं की भैया ठीक है, इस प्लॉट को आप बेच ही दीजिए।और प्लॉट बैच दिया जाता है। लेकिन पता चलता है कि इस बीच में श्यामू भैया को तो लगभग लाखों रूपए का नुकसान हो गया। अब श्यामू भैया कहते हैं कि भैया अब आने वाले समय में पैसा अपना होगा तभी प्लॉट खरीदेंगे। तभी अपना आशियाना बनाएंगे। बेचारे भोले भाले श्यामू आजकल इन अवैध प्रॉपर्टी डीलरों के चक्कर में फंसकर कमीशन खोरी के चक्कर में फंसकर अपना कमाया हुआ धन इन लोगों को दे देते हैं। अपने सपनों का एक आशियाना बनाने के चक्कर मे इसी तरीके से उनका जीवन बर्बाद होता जा रहा है। अब ऐसे में कमीशन खोरी के चक्कर में या यू कहे कि अवैध प्लाटिंग करने वाले डीलर ऐसे ना जाने कितने श्यामू को परेशान तो करते ही हैं। ऐसे ना जाने कितने श्यामू आजकल कर्ज के दलदल में फस चले है। लेकिन शायद इन अवैध डीलरो पर कोई कार्यवाही नही होती। आखिर क्या वजह है यह भी अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

**अब शुरू होता है असली खेलः** प्लॉट काटने शुरू कर दिए जाते हैं और भोली भाली जनता को अपने झांसे में लिया जाता है। इसी तरीके से न जाने शहरों की ओर से गांव की ओर कितने डीलर सक्रिय हो चुके हैं। और गांव-गांव जाकर प्लाटिंग का कार्य करने लगे हैं। इससे सरकार के राजस्व को तो चूना लगता ही हैं। लेकिन आम जनता का बेवकूफ भी बनाते हैं। आम जनता इनके झांसे में आकर अपना सब कुछ बर्बाद कर देती है। इसी तरीके से लगातार जमीनों के रेट बढ़ते चले जाते हैं। हो सकता है कि यही वजह है कि जब किसान महंगाई को देखकर औद्योगिक गलियारों के लिए जमीन के लिए मना कर देता है। क्योंकि वह सोचता है कि सरकार तो हमें चार गुना मुआवजा देगी। लेकिन आने वाले समय में यही जमीन आठ गुना रेट पर बिक जाएगी। शायद ही वह भोला वाला किसान यह समझ पाता की अवैध प्रॉपर्टी डीलर केवल उसको ठग रहे हैं।

**ऐसे प्रॉपर्टी डीलरो के द्वारा पर्यावरण को भी किया जाता है भारी नुकसानः** अवैध प्रॉपर्टी डीलर केवल इतना ही नही बल्कि हरे-भरे आम के पेड़ों पर भी आरा चलबाने से बाज नही आते केवल धन कमाने के चक्कर में वह यह भूल जाते हैं कि पर्यावरण को इससे नुकसान होगा। यह सच शायद किसी से नहीं छुपा है। अब देखना होगा कि सब कुछ यूं ही चलता रहेगा। या फिर कुछ बदलेगा।

## तीन लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो ड्राप

**अमरोहा;** दस दिसंबर से शुरू हो रहे पल्स पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 339059 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा है। जिले में 15 दिसंबर तक चलने वाले अभियान में 1525 बूथों पर विभाग की 709 टीमें बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाएंगी।

रविवार को डीएम राजेश कुमार त्यागी ने बूथों पर पहुंचकर अभियान का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों को खुराक पिलाकर प्लस पोलियो अभियान का शुभारंभ किया।

कहा कि एक भी खुराक पीने से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी स्वास्थ्य कर्मचारी अभियान को गंभीरता से लें। लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा है। जिले में 15 दिसंबर तक चलने वाले अभियान में 1525 बूथों पर विभाग की 709 टीमें बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाएंगी।

# तेंदुए से भिड़ा किसान, जबड़े से बचाई पत्नी और बेटे की जान

**मुरादाबाद :** कोतवाली क्षेत्र के गांव किशनपुर गांवड़ी और पसियापुरा के बीच शुक्रवार देर रात तेंदुए ने बाइक पर झपट्टा मारकर किसान को बाइक समेत गिरा दिया।

बाइक पर दो वर्षीय बच्चे को लेकर पीछे बैठी किसान की पत्नी भी गिर पड़ी। उसके बाद तेंदुए ने मां की गोद से बच्चे को छीनने का प्रयास किया तो पिता तेंदुए से भिड़ गया और दोनों की जान बचा ली। उधर, ग्रामीणों की भीड़ भी शोर मचाते हुए मौके पर आ पहुंची तो तेंदुआ भाग निकला।

शुक्रवार देर रात लगभग 9 बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवनगर निवासी सत्यपाल सिंह पुत्र लीला सिंह शुक्रवार की रात मजदूरी कर घर लौटा तो पत्नी आरती ने बताया कि बेटे शिवम की तबीयत ज्यादा खराब है। सत्यपाल पत्नी व बच्चे को बाइक पर बिठाकर पसियापुरा पदार्थ में दवा दिलाने गया था।

देर रात ही दवा दिलाकर लौट रहा था। बाइक कोतवाली क्षेत्र के गांव पसियापुरा पदार्थ व किशनपुर गांवड़ी के बीच मंदिर के निकट पहुंची तो अचानक सामने आए तेंदुए ने सत्यपाल सिंह की बाइक पर झपट्टा मार दिया। बाइक गिरी तो सत्यपाल की पत्नी दो वर्षीय बच्चे के साथ सड़क पर गिर पड़ी। तेंदुए ने बच्चे को छीनने का प्रयास किया लेकिन, मां ने बच्चे को जकड़ लिया। तेंदुआ बच्चे सहित मां आरती को जबड़े में दबाकर गन्ने के खेत में खींचने लगा। सत्यपाल शोर मचाता हुआ तेंदुए से भिड़ गया। उसने गन्ना तोड़कर तेंदुए पर हमलाकर जबड़े से बच्चे और पत्नी को बचा लिया। शोर सुनकर बाइक और कार सवार रास्ते में रुक गए जिससे तेंदुआ भाग गया। इस दौरान तेंदुए का पंजा लगने से सत्यपाल सिंह व आरती घायल हो गए। शनिवार की सुबह सत्यपाल को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। वन विभाग की टीम ने वन दरोगा पीयूष जोशी के नेतृत्व में मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।टीम को मौके पर भेजकर कांबिंग कराई गई है। ग्रामीणों को सचेत किया कि अकेले कभी भी जंगल की दिशा में न जाएं। समूह बनाकर ही जंगल में जाएं और बच्चों और पशुओं की सुरक्षा करें।

इससे पूर्व में एक साल पहले कोतवाली के गांव ख्वाजपुर धंतला में घर के आंगन में खेल रहे बच्चे को तेंदुआ जबड़े में दबाकर ईख के खेत में घुस गया था तो नानी ने पीछाकर तेंदुए के जबड़े से बच्चे को छीन लिया था।

## कुएं में फंसे तेंदुए को रेस्क्यू करने पहुंची वन विभाग की टीम



**मुरादाबादः** छजलैट स्थित नलकूप विभाग के कुएं में रविवार को तेंदुआ गिर गया। सुबह ग्रामीणों को पता चलने पर वन विभाग और पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच चुकी है।
छजलैट के पचोकरा खानपुर में फंसे तेंदुए की सूचना पर वन विभाग की टीम केज के साथ गांव में पहुंच चुकी है। जिसके बाद टीम ने कुएं में फंसे तेंदुए को निकालने का कार्य शुरू कर दिया है। डीएफओ सूरज ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे कुएं में तेंदुआ फंसे होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा गया, साथ ही केज भी भिजवाया गया है। तेंदुए का परीक्षण करने के लिए पीलीभीत से चिकित्सक भी बुलवाया गया है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, पीलीभीत के जरी कारोबारी की मौत

**बरेली:**पीलीभीत हाईवे पर गुजर रही बाइक को तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पीलीभीत के कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी जरी कारोबारी मोहम्मद तस्लीम (35) की मौत हो गयी।
जरी कारोबारी शनिवार को वह जरी का सामान खरीदने के लिए बरेली गया था। रात में वह बाइक से वापस अपने घर जा रहा था। इसी दौरान पीलभीत हाईवे पर सिथरा गांव के पास पहुंचने पर सामने से तेज गति से आ रहे दूसरे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। इधर, टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। उसकी मौत की खबर पर परिवार में कोहराम मच गया। उसके परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।हादसे में बाइक सवार पीलीभीत के कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी जरी कारोबारी मोहम्मद तस्लीम (35) की मौत हो गयी।

## संक्षेप खबरें

### टीएमयू फिजियोथेरेपी में साहिल मिस्टर और अनन्या बनी मिस फ्रेशर

मुरादाबाद . टीएमयू के फिजियोथेरेपी विभाग की फ्रेशर पार्टी–एस्पेरंजा में बीपीटी के साहिल जैन को मिस्टर फ्रेशर और अनन्या कसौधन को मिस फ्रेशर बीपीटी चुना गया। बीपीटी के आदर्श चौहान को स्टार ऑफ द इवेंट के खिताब से नवाजा गया। इससे पूर्व डायरेक्टर गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट–सीटीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया और फाइन आर्ट्स के एचओडी रविंद्र देव ने बतौर विशिष्ट अतिथि, विभागाध्यक्षा डॉ. शिवानी एम. कौल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नवोदित छात्र–छात्राओं ने रैंप वाक में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। ग्रुप डांस में बीपीटी फर्स्ट ईयर छात्राओं अद्रिका, अनन्या, अपर्णा और तीशा ने नृत्य प्रस्तुत करके खूब तालिया बटोरीं। स्टूडेंट्स बीपीटी फर्स्ट ईयर के फहाद और स्नेहा के कपल डांस परफॉरमेंस ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

### पानी की टंकी खराब होने से गुस्साएं ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संभलः** तहसील क्षेत्र क कैलादेवी धाम पर उत्तर प्रदेश जल निगम योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। जिससे की लोगों को स्वच्छ पानी मिल सके, लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते बीते 20 दिनों ने पानी की टंकी खराब हो गई है। जिसकी वजह से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है, ऐसे में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

कैलादेवी धाम पर उत्तर प्रदेश जलनिगम योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। पानी की टंकी से मुजाहिदपुर व निरावली गांव के लगभग दो हजार घरों में पानी सप्लाई होता है। टंकी का पानी दोनों गांवों में दिन में तीन बार सप्लाई दी जाती थी। 20 दिन पहले पानी की टंकी में कुछ खराबी आ गई। जिसकी वजह से पानी की सप्लाई बंद हो गई। पानी की सप्लाई बंद होने के कारण लोगों को स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग इधर उधर से पीने व पशुओं के लिए पानी का इंतेजाम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से सप्लाई सुचारू कराने की शिकायत की, लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हो सका।

### प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया समारोह पूर्वक सम्मानित

**संभल।:** ब्रजनगर कालोनी स्थित भोले भवन में श्री नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में नवंबर माह में संपन्न हुई अयोध्याकाण्ड ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम की मुख्यवक्ता डॉ संगीता गोयल से ने कहा कि रामायण की कथा मानव जीवन के लिए अनुकरणीय एवं आज भी प्रासंगिक है। इसके बाद पुरस्कार वितरण किए गए। विजेताओं के प्रथम वर्ग में एएम वर्ल्ड की प्रसन्ना मांगलिक ने प्रथम, कनक सैनी ने द्वितीय तथा दीक्षा सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ग में अंजलि वर्मा प्रथम, खुशी बंसल द्वितीय तथा ईशान वार्ष्णेय तृतीय स्थान पर रहे। सभी को प्रशस्ति पत्र, पर्स व गोल्ड प्लेटिड चांदी की सिक्के प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण गोपाल मंगलम्, प्रभात अग्रवाल, संतोष जैन, हरीश कठेरिया, डॉ. संगीता गोयल, रामसेवक शर्मा, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, डॉ. टीएस पाल, डॉ राजकुमार गोयल, विपिन कुमार गुप्ता, केजी गुप्ता, एसपी सिंह, सूर्यजीत सिंह, डा योगेंद्र मोहन शास्त्री आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता संतोष कुमार जैन ने की तथा संचालन डॉ जयशंकर दुबे ने किया।

### रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट–पथराव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत दो घायल,आठ गिरफ्तार

**असमोली :** असमोली थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट–पथराव हो गया। जिसमें दोनों पक्षों से पूर्व जिला पंचायत सदस्य घायल हो गया। मारपीट–पथराव की सूचना पर थाना पुलिस गांव पहुंच गई और दोनों पक्षों से आठ लोगों पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दोनों पक्षों से आठ लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई कर चालान कर दिया।

थानाक्षेत्र में गांव मदाला फत्तेहपुर निवासी तालिब और पूर्व जिला पंचायत सदस्य असरार के भतीजे जाकिर में रविवार दोपहर पुरानी रंजिश के चलते गाली–गलौज हो गई। गाली–गलौज होने पर दोनों पक्षों के लोग आमने–सामने आ गए। दोनों पक्षों के लोगों में मारपीट के बाद पथराव हुआ। सरेराह मारपीट–पथराव से मोहल्ले में अफरा–तफरी मच गई।

इसी बीच लोगों ने थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। मारपीट–पथराव की सूचना पर थाना पुलिस गांव पहुंच गई। मारपीट–पथराव में एक पक्ष से असरार जबकि दूसरे पक्ष से तालिब के पिता चांद खां घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली पहुंचाया। पुलिस दोनों पक्षों से आठ लोगों को पकड़कर थाने ले गई। थाने में दोनों पक्षों में समझौता हो गया लेकिन पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की है। अपराध निरीक्षक हरीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से चार–चार लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# सिरफिरे आशिक ने पीट कर की शादीशुदा प्रेमिका की हत्या



**अमेठी,** यूपी के अमेठी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक सिरफिरे आशिक ने मासूम की सरिया से पीट–पीट कर हत्या कर दी। वहीं काम को अंजाम देने के बाद युवक फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।
ये घटना फुरसतगंज क्षेत्र के निगोहा गांव का है। पुलिस ने बताया कि राजा पूर्वी गांव मोहल्ले का रहने वाले सुरेंद्र की 32 साल की बीवी रिंकी की उनके ही घर में रह रहे एक शख्स ने सरिया से पीट–पीटकर हत्या कर दी। ग्रामीणों के मानें तो गांव का ही हरिश्चंद्र नाम का आदमी दो सालों सुरेंद्र के घर पर रहता था। इस दौरान उसके सुरेंद्र की बीवी रिंकी से अवैध संबंध बन गए। शुक्रवार को रिंकी जब हरिश्चंद्र खाना देने गई। तभी दोनों के बीच किसी बात को लेकर रिंकी में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि हरिश्चंद पास में रखी लोहे की सरिया से रिकी पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। जिससे रिंकी के सिर से खून बहने लगा और जिसकी मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात के समय मृतका का पति सुरेंद्र फुरसतगंज कस्बे में किसी दुकान पर रोजी–रोटी के लिए काम करने गया था। अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि पति ने हरश्चिंद्र के खिलाफ तहरीर दे दी है। कारवाई की जा रही है।आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है।

# उड़ी नियमों की धज्जियां, 5 लड़कियों ने योग करते हुए बनाया वीडियो

**आगरा,** यूपी के आगरा में एक बार नियमों का उल्लघंन किया गया है। घूमने आई 5 लड़कियां ताजमहल में योग करते हुए वीडियो शूट कराने लगीं। जब इस बात की भनक सुरक्षा एजेंसियों को हुई तो उन्होंने युवतियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने लिखित में माफीनामा लिखवाने के बाद लड़कियों को छोड़ दिया।

ताजमहल घूमने आनने वाले पर्यटकों को इससे संबंधित नियम–कानून पता होने चाहिए। दरअसल कई बार शौक–शौक के चक्कर में पर्यटक ताजमहल की सुरक्षा और नियम में सेध लगा देते हैं और बाद में उन्हें शर्मिंदा होना पड़ता है। हालिया मामला रविवार का है। जहां सुबह आठ बजे पांच युवतियां घूमने आईं।

उनमें से 4 लड़कियां ताजमहल के सामने खड़े होकर योग करने लगीं। जबकी बाकि की एक लड़की उनका वीडियो शूट करने में जुट गई। इस बात की भनक लगते ही सीआईएसएफ ने मोबाइल जब्त करते हुए उन लड़कियों को पकड़ लिया। फिर स्थानीय थाने लेकर आई। जहां माफीनामा लिखवाने के बाद उन्हें छोड़ दिया। सहायक ताज संरक्षण प्रिंस वाजपेई के मुताबिक चार लड़कियां आगरा और एक अलीगढ़ की रहने वाली है।
ताजमहल में पारंपरिक वेशभूषा से लेकर धार्मिक वस्तुए ले जाना मना है लेकिन आए दिन इन नियमों की धज्जियां उड़ती रहती हैं। हाल ही में एक युवक का वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह पार्क में बैठकर नमाज पढ़ रहा था। जबकी सीआईएसएफ का जवान वहीं पास में खड़ा था। मामला सुर्खियों में आने के बाद हिंदू संगठन के लोगों ने जमकर बवाल किया।



# यूपी के इस जिले की ग्राम पंचायतों को मिले धन, तेज होगा विकास

**अमेठी,** अमेठी जिले की सभी 682 ग्राम पंचायतों में बीते सात माह से बजट के अभाव में विकास के काम रुके हुए थे। अब शासन ने 15वें वित्त आयोग के तहत गांवों के रुके विकास कार्यों को गति देने के लिए 18 करोड़ 98 लाख रुपए जारी कर दिए गए हैं। जिसके बाद विभाग ने ग्राम पंचायतों के खाते में धनराशि भेज दिया है।
जिले के 13 ब्लॉकों में स्थित 682 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने के लिए शासन से राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग के तहत धनराशि भेजी जाती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में राज्य वित्त की धनराशि तो समय से प्राप्त हो गई लेकिन 15वें वित्त की धनराशि जारी नहीं की गई थी।15वें वित्त आयोग के तहत टाइड एवं अनटाइड फंड में पैसा दिया जाता है। इस पैसे के न मिलने से गांवों में विकास कार्य बाधित चल रहे थे। अब शासन ने 15वें वित्त आयोग के तहत जिले को 18 करोड़ 98 लाख 36 हजार 777 रुपये जारी कर दिए हैं।



**जिले के 13 ब्लॉकों में स्थित 682 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने के लिए शासन से राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग के तहत धनराशि भेजी जाती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में राज्य वित्त की धनराशि तो समय से प्राप्त हो गई लेकिन 15वें वित्त की धनराशि जारी नहीं की गई थी।**

हो सकेंगे नाली, खड़ंजा जैसे काम
पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों को आवंटित धनराशि खातों में भेजी जा रही है।
इस पैसे से ग्राम पंचायतें नाली, खंड़जा निर्माण व मरम्मत, ठोस द्रव्य अपशिष्ट प्रबंधन सहित अन्य जरूरी काम कराए जाएंगे। जिससे ग्रामीणों को सुविधा मिल सकेगी। डीपीआरओ श्रीकांत यादव ने बताया कि शासन से 15वें वित्त आयोग के तहत धनराशि प्राप्त हुई है। जिसे नियमानुसार ग्राम पंचायतों को भेजा जा रहा है। ग्राम पंचायतों को इस पैसे से कार्ययोजना अनुसार विकास कार्य कराने का निर्देश दिया गया है। पैसे का उपयोग नियमानुसार न करने पर संबंधित ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव पर कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ ने नौनिहालों को पोलियो खुराक पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

**संभलः** पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का रविवार को सीडीओ ने फीता काटकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। सप्ताह भर तक चलने वाले अभियान में 3.95 लाख बच्चों को सुरक्षा की पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य है। साथ ही लोगों से बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की।

रविवार को शहर के मोहल्ला सैफखां सराय स्थित प्राथमिक विद्यालय में सीडीओ कमलेश सचान ने पल्स पोलियो अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर सीडीओ ने बच्चों को पोलियो की खुराक भी पिलाई। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा खुराक पीने से छूटना नहीं चाहिए। सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा ने कहा कि जनपद में सप्ताह भर चलने वाले अभियान में 3.95 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि बूथ के बाद सोमवार से 11 दिसंबर तक घर–घर भ्रमण कर शून्य से पांच साल तक के बच्चों को दवा पिलाएंगी जाएगी। साथ ही शहर इमाम आफताब हुसैन वारसी ने समुदाय में सहयोग का आश्वासन दिया। अभियान में बेसिक शिक्षा, आंगनवाड़ी, पंचायती राज विभाग का भी सहयोग रहा।

**रविवार को शहर के मोहल्ला सैफखां सराय स्थित प्राथमिक विद्यालय में सीडीओ कमलेश सचान ने पल्स पोलियो अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर सीडीओ ने बच्चों को पोलियो की खुराक भी पिलाई। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा खुराक पीने से छूटना नहीं चाहिए। सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा ने कहा कि जनपद में सप्ताह भर चलने वाले अभियान में 3.95 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि बूथ के बाद सोमवार से 11 दिसंबर तक घर–घर भ्रमण कर शून्य से पांच साल तक के बच्चों को दवा पिलाएंगी जाएगी।**

संभल। जनपद में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। देर शाम सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा ने बहजोई स्थित कार्यालय पर दिनभर की गतिविधियों की समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने खामियां मिलने पर अधीनस्थों को चेतावनी दी और जवाब भी तलब किया गया। इस दौरान डॉ. कुलदीप आदिम, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. शाहनवाज, डॉ. वर्षा, डॉ. सुनील त्यागी, अरशद रसूल, प्रवीन कुमार, मुहम्मद जावेद, किरन बरनवाल, मुहम्मद सलमान, गोपाल शर्मा, तरन्नुम निशा मौजूद रहे।

# नशामुक्ति केंद्र : खिड़कियों के शीशे तोड़ 13 लड़कियां हो गईं फरार

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ से सटे हिमाचल के परवाणू कस्बे के एक नशामुक्ति केंद्र में उपचाराधीन 13 लड़कियां रात को खिड़कियों के शीशे तोड़ कर भाग गईं। दरअसल, नशा छुड़ाने के नाम पर बने केंद्र में बड़ा खेल हो रहा था। लड़कियों को ही नशा दिया जा रहा था। लड़कियों ने जब वहां से भागकर आस–पास के घरों में शरण ली तो लोगों को इसके बारे में पता चला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने लड़कियों के परिजनों को मौके पर बुलाया और उन्हें उनको सौंप दिया। पुलिस को युवतियों ने आपबीती सुनाई और नशा मुक्ति केंद्र से भागने का कारण बताया।
उन्होंने बताया कि उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों और कर्मचारियों पर उन्हें नशा देने और मारपीट का आरोप लगाया है। पंजाब और हरियाणा की ये लड़कियां नशा मुक्ति केंद्र में इलाज के लिए आई थीं। केंद्र में कुल 17 लड़कियां इलाज के लिए दाखिल थीं। अभी केंद्र में केवल 3 ही लड़कियां बची हैं।
परवाणू स्थित नशा मुक्ति केंद्र में पड़ोसी राज्य पंजाब और हरियाणा की 17 लड़कियां उपचाराधीन थी। 13 युवतियों ने शनिवार देर रात नशा मुक्ति केंद्र की खिड़कियों के शीशे तोड़े और फरार हो गई। इसके बाद सभी 13 लड़कियां भाग निकली। जैसे ही लोगों ने लड़कियों की आवाज सुनी तो उन्होंने पुलिस को बताया। पुलिस मौके पर पहुंची और कारण पूछा। पुलिस को युवतियों ने आपबीती सुनाई और नशा मुक्ति केंद्र से भागने का कारण बताया। उन्होंने बताया कि केंद्र में उनके साथ मारपीट की जाती थी और केंद्र के कर्मचारी ही उनको जबरदस्ती नशा देते थे।
डीएसपी परवाणू प्रणव चौहान ने बताया कि जैसे ही पुलिस को जानकारी मिली वैसे ही टीम मौके पर पहुंची। कुछ युवतियों के परिजन आने के बाद वह उनके साथ चली गई। युवतियों ने केंद्र संचालकों पर जो आरोप लगाए हैं, उस बारे में पुलिस छानबीन कर रही है।
दो माह पहले परवाणू के ही एक अन्य नशा निवारण केंद्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें केंद्र के कर्मचारियों पर वहां भर्ती युवाओं को सिल्वर फॉइल में नशा उपलब्ध कराते बताया गया था।



# दक्षिण एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटा और बंगलूरू राजधानी तीन घंटा देरी से आई

**आगरा :** कोहरे का सीजन शुरू होते ही ट्रेनों के घंटों लेट चलने का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को आगरा कैंट और आगरा फोर्ट पर तीन से पांच घंटे तक ट्रेन देरी से पहुंचीं। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते हजारों यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

आगरा रेल मंडल की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को मुंबई से अमृतसर तक चलने वाली दक्षिण एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटा, मुंबई सीएसटी–अमृत्तसर एक्सप्रेस साढ़े चार घंटा, विशाखापट्टनम–नई दिल्ली एक्सप्रेस सवा पांच घंटा, बंगलूरू–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस तीन घंटा, चेन्नई–नई दिल्ली तमिलनाडु एक्सप्रेस सवा तीन घंटा देरी से आगरा कैंट पहुंचीं।

इसके अलावा चेन्नई–नई दिल्ली जीटी एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटा, वास्को–डि–गामा–हजरत निजामुद्दीन गोवा एक्सप्रेस साढ़े चार घंटा, पटना–कोटा एक्सप्रेस दो घंटा, बंगलूरू–नई दिल्ली कर्नाटक एक्सप्रेस तीन घंटा, हैदराबाद–नई दिल्ली तेलंगाना एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटा और जबलपुर–हजरत निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस तीन घंटा देरी से आगरा कैंट पहुंचीं। इसके अलावा आगरा फोर्ट स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेन भी दो से तीन घंटा देरी से पहुंचीं।



# रामंदिर: रामलला के विग्रह चयन पर निर्णय सुरक्षित



**अयोध्या** स्थित श्रीरामजन्म भूमि में निर्माणाधीन दिव्य मंदिर में विराजित होने वाले रामलला के नवीन विग्रह पर बोर्ड आफ टस्ट्रीज का निर्णय सुरक्षित कर लिया गया है। इस संतों की औपचारिक मुहर लगनी बाकी है।

इसके पहले शनिवार की शाम भवन निर्माण समिति के पहले दिन की बैठक पूरी कर समिति चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र रामसेवकपुरम पहुंचे। यहां उन्होंने निर्माणाधीन तीनों विग्रहों का श्रद्धापूर्वक अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने देश के तीनों मूर्धन्य मूर्तिकारों से अलग–अलग वार्ता भी की। इन तीनों मूर्तिकारों की ओर से रामलला के विग्रह का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। रामलला के विग्रह अवलोकन के बाद मीडिया ने समिति चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने बात करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने बात करने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि यह एक प्रकार की तपस्या थी। भगवान के विग्रह का ध्यान कर उनकी शारीरिक संरचना में एक–एक अंगों को सुंदरतम ढंग से गढ़ने का प्रयास हुआ है। हाथ–पैर के त्वचा की स्निग्धता व कोमलता के साथ मुखमंडल पर निदोष भाव और राजसी ओज सबको परिकल्पना के अनुसार साकार स्वरूप देने की कोशिश पूरी तन्मयता से की गयी है।

भूतल के 70 खंभों में आइकोनोग्राफी से मूर्तियों के उत्कीर्ण करने का काम पूरा भवन निर्माण समिति की बैठक के पहले परिसर की परियोजनाओं के अलावा राम मंदिर का अवलोकन समिति चेयरमैन मिश्र ने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों के साथ किया। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डा. अनिल मिश्र ने बताया कि भूतल का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि कालमों (स्तम्भों) में मूर्तियों के उत्कीर्ण करने का काम पूरा हो गया है।

इसके अलावा फर्श परइन–ले वर्क का काम गूढ़ी मंडप के निचले हिस्से में ही अवशेष हैं, शेष कार्य हो चुका है।उन्होंने बताया कि फर्श की घिसाई और पालिशिंग से पहले कालमों की रगड़ाई व धुलाई की जाएगी। इसके बाद फर्श की पालिशिंग के समानांतर लाइटिंग के अवशेष प्वाइंट्स पूरे किए जाएंगे। उधर सीढ़ियों पर मार्बल लगाने का काम हो गया है। इन सीढ़ियों के दोनों तरफ लगने वाली प्रतिमाओं का निर्माण हो चुका है। उन्हें स्थापित करने का काम जल्द होगा।

परकोटे और मंदिर के बीच ग्रेनाइट लगाने का काम भी शुरू

तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डा. अनिल ने बताया कि परकोटे के प्रवेश द्वार व उसके मंडप के साथ भुजाओं का निर्माण कार्य पूरी गति से चल रहा है। वहीं परकोटे व मंदिर के बीच 27 मीटर की दूरी में पाथ–वे का भी निर्माण हो रहा है जिस पर ग्रेनाइट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त मंदिर से पीएफसी और दर्शनार्थियों की ओर से प्रयोग किए जाने वाले सभी मार्गो का निर्माण भी शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि दर्शन मार्ग के मध्य लैंड स्केपिंग का काम जीएमआर की ओर शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि रविवार को परिसर के बाहर निर्माणाधीन कार्यों का पहले निरीक्षण होगा। इस बैठक में समिति चेयरमैन के अलावा मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव, न्यासी व अयोध्या नरेश विमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र, सीबीआरआई के पूर्व निदेशक एके मित्तल व एलएण्डटी के परियोजना निदेशक वीके मेहता सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षेप खबरें

### इटावा :कार की टक्कर से बाइक सवार दादा, पोता सहित तीन की मौत



**बरदह,** बरदह थाना क्षेत्र के जीवली–देवगांव मार्ग पर स्थित बकेश गांव के समीप शनिवार की रात करीब 12 बजे कार की टक्कर से बाइक सवार दादा, पोता सहित तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी रविवार की सुबह हुई । कार में सवार दो लोग घायल हो गए। एक घायल का वाराणसी में उपचार चल रहा है। मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के चकीडीह दगांव गांव निवासी पद्मनाथ सिंह (52) के भांजी की शादी जौनपुर जनपद के सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र में थी। पद्मनाभ सिंह अपने पौत्र शिवांश (13) के साथ वह मित्र सोमनाथ (52) निवासी बरसौना के साथ भांजी की शादी में गए थे। शनिवार की रात में तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे।

# मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी.

मायावती द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में बुलाई गई पार्टी पदाधिकारी की बैठक में शामिल होने आए बसपा की शाहजहांपुर इकाई के जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि बसपा अध्यक्ष ने बैठक में अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है.उन्होंने बताया कि यहां बसपा कार्यालय में हुई देश भर के पार्टी नेताओं की बैठक में मायावती ने यह घोषणा की.

मायावती द्वारा किए गए ऐलान के बारे में खासतौर से पूछे जाने पर सिंह ने कहा, ''उन्होंने (मायावती) कहा कि वह (आकाश) उनके बाद उनके उत्तराधिकारी होंगे.''सिंह ने कहा, ''उन्हें (आकाश) उत्तर प्रदेश को छोड़कर पूरे देश में पार्टी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है.'

**मायावती द्वारा किए गए ऐलान के बारे में खासतौर से पूछे जाने पर सिंह ने कहा, ''उन्होंने (मायावती) कहा कि वह (आकाश) उनके बाद उनके उत्तराधिकारी होंगे.''सिंह ने कहा, ''उन्हें (आकाश) उत्तर प्रदेश को छोड़कर पूरे देश में पार्टी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है.'**

# अतीक अहमद की फरार बहन आयशा पर बड़ा एक्शन, सामान कुर्क मकान सील



**प्रयागराज :** उमेश पाल हत्याकांड में फरार अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी के घर मेरठ जाकर धूमनगंज पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई पूरी की। उसके घर से रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, फर्नीचर समेत एक दर्जन से अधिक सामान कुर्क कर लिया। दीवार में लगी आलमारी समेत अन्य बड़े सामान बाहर न निकलने पर मकान को सील कर दिया और उसकी सुरक्षा के लिए पड़ोसी को सुपुर्दगी में दे दिया।

इस हत्याकांड में अब अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और शूटर अरमान के घर की कुर्की होनी बाकी है। उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन, बहन आयशा नूरी, अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा, बमबाज गुड्डू मुस्लिम, शूटर साबिर और अरमान के घर पर कुर्की करने की कोर्ट से पुलिस ने अनुमति ली। जैनब, गुड्डू मुस्लिम और साबिर के घर पर कुर्की की कार्रवाई हो चुकी है। इसी क्रम में शुक्रवार को धूमनगंज पुलिस मेरठ पहुंची।

भवानी नगर मेरठ में स्थित अतीक की बहन आयशा नूरी के घर पर कोर्ट के आदेश पर कुर्की की। धूमनगंज पुलिस ने मेरठ की नौचंदी थाने की पुलिस की मदद से आयशा नूरी के घर से किचन का सामान, गैस सिलेंडर, बर्तन, फर्नीचर, रेफ्रिजरेटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कुर्क कर लिया। कुर्क सामानों को नौचंदी थाने में दाखिल कर दिया। कुर्की के दौरान आयशा नूरी के रिश्तेदार अखलाक का भांजा मुमताज व भतीजा शाने आलम समेत अन्य मौजूद रहे। मकान सील कर पुलिस ने पड़ोसी को सुरक्षा की जिम्मेदारी दे दी। इस दौरान स्थानीय पार्षद समेत लोग मौजूद रहे। शनिवार को धूमनगंज पुलिस लौट आई। अब अन्य फरार आरोपियों के घर पर कुर्की की तैयारी चल रही है। अतीक की बहन आयशा नूरी के पति डॉ. अखलाक को पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड के फरार शूटर को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद से आयशा नूरी भी फरार है। पुलिस ने बताया कि उमेश पाल की हत्या में शामिल बमबाज गुड्डू मुस्लिम वारदात को अंजाम देने के बाद प्रयागराज से भागा और मेरठ में अतीक की बहन आयशा नूरी के घर शरण ली। आयशा के शौहर से आर्थिक मदद लेकर वह मेरठ से फरार हो गया।

# ग्राम चौपाल के एक साल पूरे होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगे

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रत्येक विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों में हर शुक्रवार को आयोजित की जाने वाली ग्राम चौपाल कार्यक्रम का एक वर्ष पूरा होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया है। वर्षगांठ के तहत 28 से 30 दिसंबर तक गांव–गरीबों के विकास से जुड़े तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि ग्राम चौपालों से उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। चौपालों के माध्यम से गांव वालों की समस्या का समाधान करना सरकार का सफल प्रयास साबित हो रहा है। इन चौपालों के माध्यम से एक साल के अंदर ही तीन लाख से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है।

28 से 30 दिसंबर तक आयोजित होने वाले वर्षगांठ कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायतों, ब्लाकों, तहसीलों तथा जनपद स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 29 दिसंबर को विशेष चौपाल का आयोजन होगा। 30 दिसंबर को जिलों में जनप्रतिनिधि प्रेसवार्ता करेंगे और उप मुख्यमंत्री खुद राजधानी लखनऊमें प्रेसवार्ता करेंगे। जिला मुख्यालयों पर मले आयोजित किए जाएंगे जिसमें स्वयं सहायता समूहों के उत्पादन प्रदर्शित होंगे। डीएम की अध्यक्षता में गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।

# 'अटल रन में प्रतीक्षा–इस्लाम अव्वल



**लखनऊ।** हर उम्र के बच्चे, बूढ़े और जवानों ने 'खेल से चरित्र का और चरित्र से राष्ट्र का निर्माण सूत्र वाक्य लेकर हुई अटल रन में लखनऊने दौड़ लगाई। दो लाख रुपये की नगद इनामी यह दौड़ में सुबह सात बजे 1090 चौराहे से शुरू हुई। इस क्रास कंट्री में करीब पांच हजार लोगों ने हिस्सा लिया। महिलाओं की आठ किमी दौड़ में स्पोर्ट्स हॉस्टल की प्रतीक्षा यादव तो पुरुषों में इस्लाम अली अव्वल रहे। जूनियर बालकों में यूथ एशियाई चैंपियनशिप रजत पदक विजेता स्पोर्ट्स कॉलेज के शाहरुख खान को पहला स्थान मिला। जूनियर महिलाओं में प्रीति चैंपियन बनीं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे।

सुबह सात बजे दौड़ का फ्लैग ऑफ अंतरराष्ट्रीय गोलकीपर और भारतीय फुटबाल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे, ओलंपियन पद्मश्री सुधा सिंह और एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह ने किया। यह दौड़ 1090 चौराहे से शुरू होकर समतामूलक चौराहा, अम्बेडकर स्मारक चौराहा, भागीदारी भवन होते हुए जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नम्बर छह तक गई। वहीं से वापस मुड़कर इसी रास्ते होते हुए 1090 चौराहे पर समाप्त हुई।पुरुषों की आठ किमी दौड़ में इस्माल अली ने 21 मिनट 23 सेकेंड समय निकालकर स्वर्ण जीता। दूसरे स्थान पर रवि पाल ने 21 मिनट 35 सेकंड लिया। तीसरे स्थान पर जतिन्दर सिंह रहे। उन्होंने 21 मिनट 48 सेकंड लिया। महिलाओं में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ की प्रतीक्षा यादव ने सबको पछाड़ते हुए स्वर्ण जीता। उन्होंने 29 मिनट 09 सेकेंड का समय लिया। दूसरे स्थान पर लखनऊकी पूजा निषाद रहीं। तीसरा स्थान उन्नति रावत को मिला।बालकों की पांच किमी दौड़ में अंतरराष्ट्रीय धावक स्पोर्ट्स कॉलेज कॉलेज के शाहरुख खान रहे। उन्होंने 15 मिनट 23 सेकंड समय लिया। दूसरे स्थान पर इंद्रजीत, तीसरे स्थान पर उमेर खान रहे। जूनियर महिलाओं की दौड़ में प्रीति यादव अव्वल रहीं। उन्होंने यह दौड़ 19 मिनट 24 सेकंड में पूरी की। दूसरे स्थान पर मोनिका उपाध्याय और तीसरे स्थान पर आयशा वर्मा रहीं।सेलेब्रेटी रन में एमएलसी पवन सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद द्विवेदी, क्रीड़ा भारती प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अवनीश सिंह, गोविन्द पाण्डेय, एमएलसी अंगद सिंह, साहस स्पोर्ट्स ट्रस्ट चेयरपर्सन डा. सुधा बाजपेई ने हिस्सा लिया। सेलेब्रेटी रन में लॉटरी सिस्टम से पुरस्कार मिले।

# पटियाली के बाग में पेड़ पर लटका मिला ग्रामीण का शव



**कासगंज** जनपद के पटियाली क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति का शव एक बाग में आम के पेड़ पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। घटना पटियाली कस्बा के धुमरी रोड स्थित आम के बाग की है। जहां सड़क किनारे आम पेड़ पर अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

रविवार की सुबह शव को पेड़ पर लटका देख क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। राहगीरों द्वारा घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। पटियाली कोतवाली एसएचओ गोबिंद बल्लभ शर्मा ने फोरेंसिक टीम को बुलाया। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए।

एसएचओ गोविंद बल्लभ शर्मा ने करीब 45 वर्ष के व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव की शिनाख्त कराने के लिए प्रयास जारी है।

# डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लें, इलाज का पैसा सरकार देगी



**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। इलाज का पैसा सरकार देगी। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में शिकायतें सुन रहे थे।

गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत करते हुए आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को मुख्यमंत्री ने आत्मीय संबल देते हुए कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी।इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते दिए कि पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाते हुए समस्या का समाधान किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन पर कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप सुनिश्चित होना चाहिए।

# आजमगढ़ का युवक लाया सात समुंदर पार से दुल्हनिया



**आजमगढ़ :** आजमगढ़ के लालमऊगांव निवासी एक इंजीनियर युवक ने सात समुंदर पार से डॉक्टर दुल्हनिया लेकर आया है। ताइवान से आई युवती के साथ उसने हिंदू रीति–रिवाज से शादी रचाई। शादी की सभी रस्में वारणसी में गुरुवार को हुईं। लालमऊगांव निवासी संतोष यादव पुत्र अंगद यादव बीएचयू से एमएससी करने के बाद आईआईटी कानपुर से एमटेक किया।

पढ़ाई पूरी करने के बाद वह ताइवान में एक प्रतिष्ठित कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। वहां उनकी मुलाकात एक अस्पताल की डॉ. नोरा पुत्री जौलीन (एमडी, चाइल्ड स्पेशलिस्ट) से हुई। धीरे–धीरे मुलाकात मोहब्बत में बदल गई। दोनों एक शहर में काम करने के साथ ही जीवन भी साथ निभाने का फैसला किया।

दोनों के परिवार की रजामंदी से सरकारी कार्रवाई पूरी करने के बाद एक साथ ताइवान से चार दिसंम्बर को भारत आ गए। विदेशी दुल्हन के परिजन संतोष के घर तिलक समारोह में शामिल हुए।

उसके बाद सात दिसंबर को वाराणसी के एक लान में हिंदू रीति–रिवाज से संतोष और डॉ. नोरा परिणय सूत्र में बंध गए। शादी से दोनों परिवार के लोग खुश हैं। क्षेत्र के लोगों में इस शादी की खूब चर्चा है।**विदेशी दुल्हन को देखने पहुंचे थे लोग**

लालमऊ गांव में किसान के घर विदेशी बहू आने की सूचना से लोग पहुंचने लगे। वाराणसी में शादी समारोह में भी दुल्हन को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। संतोष के गले में डॉ. नोरा ने वरमाला डाली तो आसपास के लोग विदेशी दुल्हन को देखते रह गए। बैंड–बाजे के साथ बारात निकली तो विदेशी दुल्हन खुद को नाचने से नहीं रोक पाई। बारातियों के साथ विदेशी दुल्हन का पूरा परिवार डांस करता रहा।

# गैर मर्द से संबंधों के शक में पत्नी की हत्या, कटा हुआ सिर लेकर थाने पहुंचा पति

**भुवनेश्वरः** ओडिशा के नयागढ़ जिले में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। विवाहेत्तर संबंधों के शक में शख्स ने अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी। आरोपी ने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए अपनी जीवनसंगिनी का सिर काट दिया और कटे हुए सिर के साथ पुलिस स्टेशन पहुंच गया। पुलिस अधिकारियों के समक्ष पत्नी का कटा सिर रखकर उसने अपना जुर्म भी कबूल लिया है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की पहचान अर्जुन बाघा के रूप में हुई, जो अपनी पत्नी का कटा हुआ सिर लेकर बनिगोछा पुलिस स्टेशन में घुस गया, जिससे भगदड़ मच गई। बिदापाजू गांव के निवासी बाघा ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी 30 वर्षीय पत्नी धारित्री को विवाहेतर संबंध में शामिल होने के संदेह में मार डाला।

पुलिस ने कहा कि उसने धारित्री को मारने के लिए एक धारदार हथियार का इस्तेमाल किया और फिर उसका सिर काट दिया। उसे हिरासत में ले लिया गया है। बानीगोचा पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण दंडसेना ने कहा कि बिना सिर का धड़ भी बरामद कर लिया गया है। जांच शुरू कर दी गई है।गौरतलब है कि इससे पहले मार्च में, मुंबई के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी का गला घोंट दिया, काम पर चला गया और फिर पुलिस को सूचित करने के लिए लौट आया। पुलिस के मुताबिक, उस व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या इसलिए की थी क्योंकि उसे उसके चरित्र पर शक था।

**पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की पहचान अर्जुन बाघा के रूप में हुई, जो अपनी पत्नी का कटा हुआ सिर लेकर बनिगोछा पुलिस स्टेशन में घुस गया, जिससे भगदड़ मच गई। बिदापाजू गांव के निवासी बाघा ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी 30 वर्षीय पत्नी धारित्री को विवाहेतर संबंध में शामिल होने के संदेह में मार डाला।**

आवश्कता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें –94568843327

# नोट गिनते थकी मशीन... सांसद धीरज साहू से कांग्रेस ने झाड़ा पल्ला





**नई दिल्ली:** रेड को लेकर अब तक की बड़ी बातेंकांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर बुधवार को इनकम टैक्स अधकिारियों ने छापेमारी की थी. खासकर ओडिशा और झारखंड में की गई इस छापेमारी में आईटी विभाग ने 300 करोड़ रुपए की भारी भरकम नकदी बरामदगी का दावा किया था. 4 दिन पहले मारी गई रेड के बाद साहू से जुड़े परिसरों में शनिवार को भी नोटों की गिनती जारी रही.

अधिकारियों ने कहा कि अभी नोटों की गिनती खत्म नहीं हुई है. परिसर में मलिी अलमारियों के रैक में रखी नकदी की लगातार जारी गनिती के चलते रकम बढ़कर 300 करोड़ हो गई है. उनका कहना है कि यह किसी भी एजेंसी की तरफ से एक ही ऑपरेशन में काला धन की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी होगी.

**क्यों नहीं गिना जा सका पूरा कैश?**

बैंक मैनेजर भगत बेहरा ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि उम्मीद की जा रही है कि नोटों की गिनती का काम मशीनों और कर्मचारियों की और तैनाती के साथ रविवार तक पूरा हो सकता है.

**कांग्रेस पार्टी ने झाड़ा पल्ला**

सांसद के परसिरों से बरामद इतनी भारी भरकम रकम को लेकर कांग्रेस बचाव मुद्रा में आ गई है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने साफ कर दिया है कि उनके ठिकानों से इतनी बड़ी रकम की बरामदगी आईटी को कैसे हो रही है, इसका जवाब वो ही देंगे. कांग्रेस पार्टी का उनके बिजनेस से कोई लेना देना नहीं है. इस मामले पर बीजेपी पूरी तरह से कांग्रेस पर हमलावर हो गई है. बीजेपी नेताओं ने राहुल गांधी के साथ धीरज साहू की फोटो शेयर कर पार्टी से इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़ने की मांग की है.

इस मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुक्रवार (8) को एक ट्वीट किया था. उन्होंने लिखा था कि देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें..., जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह 'मोदी की गारंटी' है.

**धीरज साहू को लेकर अब तक का पूरा घटनाक्रम एक नजर में**

ओडिशा स्थित शराब बनाने वाले एक ग्रुप के ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों के ठकिानों पर आईटी की छापेमारी चल रही है जोकि कांग्रेस सांसद धीरज साहू से संबंधति है.

धीरज साहू साल 2010 से झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद हैं. उनके बेटे रितेश साहू जोकि बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रबंध निदेशक भी हैं. वह भी आईटी की रडार पर हैं. धीरज साहू के बड़े भाई उदय शंकर प्रसाद कंपनी में चेयरमैन हैं.

साहू की कंपनी अल्कोहलिक पेय पदार्थ बनाने के लिए एक्स्ट्रा-न्यूट्रल अल्कोहल जैसा कच्चा माल बनाती है. इस कंपनी ग्रुप की बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के साथ पार्टनरशपि है जिस पर टैक्स चोरी के आरोप हैं.

इन नोटों में 500 के नोट की बड़ी खेप भी शामलि हैं जो कि साल 2016 में नोटबंदी के चलते बंद हो गए थे. ऐसा प्रतीत होता है कि इन नोटों को लंबे समय से स्टोर करके रखा हुआ था जिससे कुछ में फफूंदी भी लग गई थी. कांग्रेस के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली स्थति कांग्रेस मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया. प्रदर्शन में वेस्ट दिल्ली से सांसद प्रवेश वर्मा, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और विधायक विजेंद्र गुप्ता भी प्रमुख रूप से शामिल रहे.

बीजेपी के अमित मालवीय ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी के साथ धीरज साहू की एक फोटो शेयर की है. इसको साझा करते हुए मालवीय ने कहा कि दरअसल, यह यात्रा देश के चोरों को एकजुट करने की थी.

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 'एक्स' पर लिख कर पूछा कि2 लोकसभा चुनाव हारने के बाद धीरज साहू को 3 बार राज्यसभा क्यों भेजा गया. राहुल गांधी इस अवैध नकदी बरामदगी पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं. क्यों? वह पैसा किसके लिए था? ये रिश्ता क्या कहलाता है?

**बीजेपी के अमित मालवीय ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी के साथ धीरज साहू की एक फोटो शेयर की है . इसको साझा करते हुए मालवीय ने कहा कि दरअसल, यह यात्रा देश के चोरों को एकजुट करने की थी . बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 'एक्स' पर लिख कर पूछा कि2 लोकसभा चुनाव हारने के बाद धीरज साहू को 3 बार राज्यसभा क्यों भेजा गया .**

चुनावी खबरें

## तेलंगाना में सीएम रेवंत रेड्डी ने मंत्रियों में बांटा विभाग



**हैदराबाद:** तेलंगाना में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने 7 दिसंबर को शपथ लेने वाले अपने 11 मंत्रियों के बीच विभागों का बटवारा किया है। सीएम रेड्डी ने मंत्रियों को उनके अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर विभाग दिए है। डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क को वित्त, योजना और ऊर्जा विभाग दिए गए हैं। वहीं, गृह विभाग, कानून व्यवस्था और नगर निगम प्रशासन विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग सीएम रेड्डी ने अपने पास रखे हैं।

जानकारी के अनुसार, सीएम रेड्डी ने सिंचाई और नागरिक आपूर्ति विभाग वरिष्ठ मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी को दिया हैं। वहीं, राजस्व, आवास और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी को सौंपी गई है। कृषि विभाग का जिम्मा तुम्मला नागेश्वर राव को दिया गया। मालूम हो कि तुम्मला नागेश्वर राव 2018 से पहले ळफर सरकार में मंत्री रहे थे।दामोदर किरण कुमार रेड्डी के मंत्रिमंडल में डिप्टी सीएम रहे दामोदर राजा नरसिम्हा को स्वास्थ्य, चिकित्सा, विज्ञान और टेक्नोलॉजी विंग दिया गया। कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी को सड़क विभाग दिया गया है। डी श्रीधर बाबू को इंडस्ट्रीज और आईटी के साथ-साथ विधायी मामलों का भी विभाग सौंपा गया है।पोन्नम प्रभाकर को बीसी कल्याण और परिवहन मंत्रालय आवंटित किया गया है। जुपल्ली कृष्ण राव को उत्पाद शुल्क, पर्यटन और संस्कृति विभाग का जिम्मा दिया गया है। वहीं, कोंडा सुरेखा को वन और पर्यावरण और बंदोबस्ती विभाग दिया गया है। मंत्री डी अनसूया उर्फ सीताक्का को पंचायत राज, ग्रामीण विकास और महिला एवं बाल कल्याण आवंटित किया गया।

## महिला ने बीच सड़क मुंडवाया सिर, नौकरी की मांग को लेकर 1000 दिनों से जारी है प्रदर्शन



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में एक महिला अभ्यर्थी ने विरोध करने का एक अनोखा तरीका अपनाया। शनिवार दोपहर को कोलकाता सेंट्रल की सड़क पर जॉब मामले में एक महिला अपना सिर मुंडवा लिया।

महिला ने ये कठोर कदम अपने आंदोलन के 1000 दिन पूरे होने पर उठाया है। पिछले 1000 दिनों से महिला हजारों योग्य अभ्यर्थी के साथ पैसों के बदले स्कूल में नौकरी दिए जाने का विरोध कर रही थी। आज इस आंदोलन को 1000 दिन पूरे हो गए, इस मौके पर कोलकाता सेंट्रल के एस्प्लेनेड क्रॉसिंग पर प्रदर्शनकारी महिला ने सार्वजनिक रूप से अपना सिर मुंडवा लिया।अपना सिर मुंडवाने वाली महिला की पहचान रासमणि पात्रा के रूप में हुई है। सिर मुंडवाते वक्त रासमणि पात्रा बिलख-बिलखकर रोती दिखाई दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने राज्य के सभी राजनीतिक दलों से इस मुद्दे को उठाने का आह्वान किया है।

रासमणि पात्रा ने सिसकते हुए कहा कि 'मैं सभी से राजनीतिक दायरे से बाहर निकलने और हमारी समस्याओं का समाधान करने की अपील करती हूं। मैं अनुरोध करती हूं कि हमें हमारी नौकरियां दिलवा दीजिए।

' उन्होंने ये भी कहा कि 'अभी तो उन्होंने अपने बालों का बलिदान दिया है लेकिन आगे चलकर उनके जैसे कई लोगों को अपने जीवन का बलिदान देना पड़ सकता है।

शायद हमारे जीवन का बलिदान आंखें खोलने वाला होगा' बता दें कि, कलकत्ता हाई कोर्ट ने शनिवार को एक फैसला सुनाते हुए कहा कि विवाहित महिलाएं भी अपने पैतृक परिवार की सदस्य होने के नाते अनुकंपा के आधार पर राज्य सरकार की नौकरी पाने की हकदार हैं।

## पत्नी की उम्र 18 साल या इससे ज्यादा तो मैरिटल रेप अपराध नहीं: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**नई दिल्ली**



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मैरिटल रेप को लेकर कहा है कि अगर पत्नी की उम्र 18 साल से अधिक है तो भारतीय दंड संहिता के तहत इसे अपराध नहीं कहा जा सकता है। अदालत ने यह टिप्पणी एक मामले में एक अपनी पत्नी के साथ अप्राकृतिक अपराध के आरोपी पुरुष को बरी करते हुए की।न्यायाधीश राम मनोहर नरायण मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस मामले में आरोपी को आईपीसी की धारा 377 के तहत दोषी करार नहीं दिया जा सकता। पीठ ने कहा कि हमारे देश में अभी तक मैरिटल रेप को अपराध घोषित नहीं किया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं याचिकाएं**

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि मैरिटल रेप को अपराध बनाने को लेकर याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। ऐसे में जब तक शीर्ष अदालत इस पर फैसला नहीं लेती है तब तक ऐसे मामलों में अगर पत्नी की आयु 18 साल से ज्यादा है तो मैरिटल रेप के लिए कोई आपराधिक पेनाल्टी नहीं है। इसे लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के एक पिछले फैसले का उल्लेख भी किया। अदालत ने यह भी कहा कि एक वैवाहिक संबंध में किसी अप्राकृतिक अपराध के लिए (आईपीसी की धारा 377 के अनुसार) कोई स्थान नहीं है।इन आरोपों में पति को ठहराया दोषी बता दें कि इस मामले में याचिकाकर्ता महिला ने आरोप लगाया था कि उनकी शादी एक अपमानजनक रिश्ता है। महिला ने कहा था कि पति कथित तौर पर उसके साथ मौखिक और शारीरिक उत्पीड़न करता था। अदालत ने आरोपी को पति या पति के संबंधियों द्वारा निर्ममता से जुड़ी धारा (498-ए) और जानबूझकर चोट पहुंचाने (आईपीसी 323) के तहत दोषी ठहराया। वहीं, धारा 377 के तहत आरोपों में उसे बरी कर दिया।

उल्लेखनीय है कि इस साल सुप्रीम कोर्ट ने मैरिटल रेप को अपराध की श्रेणी में लाने की मांग करने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी।

## हल्दी की रस्म में दुल्हन के चचेरे भाई ने किया फायर; टेंट हाउस के कर्मचारी की गई जान

**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश में हर्ष फायरिंग में एक शख्स की मौत हो गई। दरअसल मामला प्रयागराज का है जहां फूल चंद्र दुबे की बेटी का हल्दी फंक्शन चल रहा था। शनिवार को शादी होनी थी। इसी दौरान मुंबई से शादी के समारोह में शामिल होने आए फूल चंद्र के भतीजे ने गोली चला दी। गोली सीधे टेंट कंपनी के अजय कुमार को लगी। घर में उपस्थित लोग उसे आनन- फानन में अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक लड़के के परिजन ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 304 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।



पुलिस ने बताया कि गांव के फूलचंद्र दुबे की बेटी का हल्दी फंक्शन चल रहा था। जिसमें सभी लोग शामिल थे। बेटी की शादी शनिवार को होनी थी। श्री सिंह ने बताया कि फूलचंद्र के भतीजे पिंटू मुंबई से बेटी की शादी में शामिल होने आए थे। हल्दी फंक्शन में जश्न के दौरान पिंटू ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से गोली चला दी जिसमे टेंट कंपनी के लिए काम करने वाले अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। अजय को घायल देख घर के लोग आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के घर नवीन शेखावत ने कैसे कराई रोहित-नितिन की एंट्री

**राजस्थान पुलिस ने गोगामेड़ी पर गोली चलाने वाले दो शूटर नितिन फौजी और रोहित राठौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच इस केस में नई जानकारी सामने आई है। दरअसल, गोगामेड़ी के घर मारे गए तीसरे आरोपी नवीन शेखावत ने ही रोहित राठौड़ और नितिन फौजी की एंट्री कराई थी।**




**नई दिल्ली:** सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड की साजिश परत-दर-परत खुलती जा रही है। राजस्थान पुलिस ने गोगामेड़ी पर गोली चलाने वाले दो शूटर नितिन फौजी और रोहित राठौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच इस केस में नई जानकारी सामने आई है। दरअसल, गोगामेड़ी के घर मारे गए तीसरे आरोपी नवीन शेखावत ने ही रोहित राठौड़ और नितिन फौजी की एंट्री कराई थी। वैसे गोगामेड़ी के घर कड़ी सुरक्षा रहती है।

बिना जांच और जानकारी के उनके घर में घुसना संभव नहीं था, लेकिन सुखदेव नवीन को जानते थे, ऐसे में रोहित और नितिन की एंट्री कराना आसान हो गया। न्यूज 24 को पता चला है कि आरोपी नितिन और रोहित ने नवीन शेखावत को इसलिए ही अपने साथ मिलाया था क्योंकि वह सुखदेव को अच्छी तरह से जानता था। नवीन के जरिए ही दोनों शूटर बिना तलाशी दिए गोगामेड़ी के घर में घुसने में कामयाब हो गए। नवीन सुखदेव के पास एक सरकारी अधिकारी को किसी काम से फोन करवाने के सिलसिले में आया था।

इस तरह गई नवीन शेखावत की जान

दरअसल, रोहित राठौड़ और नितिन फौजी ने जैसे ही गोगामेड़ी पर फायरिंग शुरू की तो नवीन शेखावत घबरा गया। इस पर वह नितिन फौजी और रोहित राठौड़ को रोकने लगा। इसलिए दोनों ने नवीन को भी गोली मार दी थी।

**बिना जांच और जानकारी के उनके घर में घुसना संभव नही था, लेकिन सुखदेव नवीन को जानते थे, ऐसे में रोहित और नितिन की एंट्री कराना आसान हो गया। न्यूज 24 को पता चला है कि आरोपी नितिन और रोहित ने नवीन शेखावत को इसलिए ही अपने साथ मिलाया था क्योंकि वह सुखदेव को अच्छी तरह से जानता था। नवीन के जरिए ही दोनों शूटर बिना तलाशी दिए गोगामेड़ी के घर में घुसने में कामयाब हो गए। नवीन सुखदेव के पास एक सरकारी अधिकारी को किसी काम से फोन करवाने के सिलसिले में आया था।**

**कौन था नवीन शेखावत?**

नवीन शेखावत शाहपुरा का रहने वाला था। उसका कपड़े का काम था। वह गोगामेड़ी से अक्सर मिलता-जुलता रहता था। रोहित गोदारा को जब पता चला कि उसकी जान-पहचान सुखदेव सिंह गोगामेड़ी से है और घर पर भी आना जाना है तो उसने इसका इस्तेमाल किया।रोहित राठौड़ और नितिन फौजी ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लिए इसलिए काम किया ताकि दोनों गैंगस्टर्स की दुनिया में पहचान बना सकें। रोहित गोदारा ने दोनों को काम हो जाने के बाद विदेश में बुलाने का वादा किया गया था। दोनों को टोकन के तौर पर 50-50 हजार दिए गए थे। चंडीगढ़ के बाद ये गोवा जाने वाले थे, फिर वहां से दक्षिण भारत के किसी शहर में समय काटना था।बिना जांच और जानकारी के उनके घर में घुसना संभव नहीं था, लेकिन सुखदेव नवीन को जानते थे, ऐसे में रोहित और नितिन की एंट्री कराना आसान हो गया। न्यूज 24 को पता चला है कि आरोपी नितिन और रोहित ने नवीन शेखावत को इसलिए ही अपने साथ मिलाया था क्योंकि वह सुखदेव को अच्छी तरह से जानता था। नवीन के जरिए ही दोनों शूटर बिना तलाशी दिए गोगामेड़ी के घर में घुसने में कामयाब हो गए। नवीन सुखदेव के पास एक सरकारी अधिकारी को किसी काम से फोन करवाने के सिलसिले में आया था।

**पासपोर्ट और वीजा का इंतजाम होना था** इन्हें कहा गया कि करीब 20 दिन उन्हें समय निकालना है। फिर पासपोर्ट और वीजा का इंतजाम होते ही विदेश बुलवा लिया जाता। रोहित रेप केस में भी जेल जा चुका है। उसे लगता था कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की वजह से ही उसे जेल हुई थी। जबकि नितिन फौजी नवम्बर में ही सेना से छुट्टी पर आया था। उस पर किडनेपिंग का एक मामला दर्ज था। हत्या करने के बाद इन्होंने फरारी काटने के लिए उधम सिंह का इस्तेमाल किया।

संपादकीय

## साइबर ठगी से सावधान

इंटरनेट और स्मार्टफोन के विस्तार के साथ साइबर अपराधों में भी बढ़ोतरी होती जा रही है. ऐसा ही एक अपराध है लोगों को ऑनलाइन काम का लोभ दिखाकर उन्हें ठग लेना. घर बैठे कमाने और पार्ट-टाइम काम का लालच देकर लोगों को ठगने का सिलसिला कोरोना महामारी के बाद से तेजी से फैला है. इसे रोकने के क्रम में भारत सरकार ने सूचना तकनीकी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए सौ से अधिक वेबसाइटों पर पाबंदी लगा दी है. उल्लेखनीय है कि डाटा चुराने वाले, कर्ज देकर लोगों को फंसाने वाले, अवैध ऑनलाइन गेमिंग वाले तथा खातों में सेंध लगाने वाले कई एप को सरकार प्रतिबंधित कर चुकी है. धोखाधड़ी करने वाले अधिकतर एप की तरह ताजा आदेश में बंद किये गये वेबसाइटों का संचालन भी दूसरे देशों से किया जा रहा था. लोगों को धोखा देने के लिए ये वेबसाइटें डिजिटल विज्ञापन सेवाओं, चैट करने और संदेश वाले एप तथा भ्रामक विशाल मीडिया खातों का दुरुपयोग धड़ल्ले से कर रही थीं. सरकार की कार्रवाई की सूचना देते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने आश्वस्त किया है कि 'साइबर सेफ इंडिया' बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की प्राथमिकताओं में है. उल्लेखनीय है कि देश के सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में पुलिस विभाग में अलग से साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए इकाइयां बनायी गयी हैं.राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट द्वारा निगरानी के जाती है. धोखाधड़ी करने वाले आम तौर पर सेवानिवृत्त लोगों, महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को आसान ऑनलाइन काम का लालच देकर फंसाते हैं. शुरू में उन्हें कुछ पैसे दिये जाते हैं और उनका भरोसा बढ़ाया जाता है. उसके बाद अधिक कमाई की संभावना बताकर उनसे अधिक निवेश करने को कहा जाता है. उस पैसे को लेकर अपराधी गायब हो जाते हैं. चूंकि वे विदेशों में हैं, तकनीकी रूप से सक्षम हैं और उनकी पहचान भी नकली है, तो पुलिस के लिए उन्हें पकड़ पाना असंभव होता है. केंद्र और राज्य सरकारों, बैंकों तथा पुलिस महकमे के द्वारा लगातार चेतावनी दी जाती है कि लोग ऐसी धोखाधड़ी से बचें और किसी भी संदेहास्पद फोन नंबर, विशाल मीडिया हैंडल या वेबसाइट की सूचना दें. ऐसी शिकायतों के लिए विशेष रूप से नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल बनाया गया है. सभी को इस संबंध में जागरूक होने और सचेत रहने की आवश्यकता है. ध्यान रहे, भारत उन कुछ देशों में है, जो हैकिंग और ऑनलाइन ठगी के सबसे बड़े भुक्तभोगी हैं. अनजान खातों के साथ लेन-देन करना हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और वित्तीय व्यवस्था के लिए हानिकारक हो सकता है क्योंकि ठगी का धन हवाला के जरिये से बाहर ले जाया जाता है.

> तकनीकी रूप से सक्षम हैं और उनकी पहचान भी नकली है, तो पुलिस के लिए उन्हें पकड़ पाना असंभव होता है. केंद्र और राज्य सरकारों, बैंकों तथा पुलिस महकमे के द्वारा लगातार चेतावनी दी जाती है कि लोग ऐसी धोखाधड़ी से बचें और किसी भी संदेहास्पद फोन नंबर, विशाल मीडिया हैंडल या वेबसाइट की सूचना दें.



# समाज शिक्षित होगा तभी खत्म होगी पकरुआ शादी

**सामाजिक चेतना में जब तक लड़कियों को बराबरी का दर्जा नही मिल जाता, तब तक यह गंभीर सामाजिक बुराई सभी कानूनों के बावजूद बदस्तूर जारी रहेगी. इसके खिलाफ सामाजिक संघर्षों को प्रभावी रखने की जरूरत है. समाज कानून का पालन करें, इससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि लड़कियों को बराबरी का दर्जा हासिल हो. कानून में लड़कियों को संपत्ति में बराबरी का अधिकार मिला है, लेकिन इसे लागू कर पाना आसान नही है. लड़कियों को स्वयं आगे आने की जरूरत है.**

**दिगम्बर मिश्र दिवाकर**

हाल में परिवार न्यायालय ने एक फैसला दिया है कि जबरदस्ती सिंदूर लगाने से शादी की मान्यता नहीं दी जा सकती है. इसके बाद फिर से पकरुआ शादी पर चर्चा तेज हो गयी है. बिहार में ऐसी शादी का चलन रहा है. अक्सर कहा जाता है कि सत्तर और अस्सी के दशकों में पकरुआ शादी दहेज से बचने के लिए होते रहे. आज भी सामाजिक संगठन या समाज के कुछ दबंग लोग इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते हैं. पकरुआ शादी मिथिला के लिए कोई नयी घटना नहीं है. यह दो सौ साल पहले भी होती थी. मेरे पिताजी के दादाजी की पकरुआ शादी हुई थी. मेरे पिताजी के परदादा प्रतापपुर सभागाछी गये थे.

साथ में एक सहायक भी था. आज के मधुबनी जिला के सौराठ और प्रतापपुर में विवाह के लिए लड़कों को लेकर लोग पहुंचते थे और वहीं शादियां तय होती थी. बिचौलिया या घटक इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते थे. आज भी हर साल वैवाहिक लगन के अंतिम दो सप्ताह में यह मेला सौराठ सभा के नाम से लगता है. मेरे पिताजी के परदादा से मिलने तत्कालीन झंझारपुर के एक नामी जमींदार पहुंचे. उस समय खाना बनाने के लिए चावल का पानी गरम हो रहा था. बातचीत के बाद वे जाने लगे, तो परदादा जी ने सहायक से चावल का पानी बदलने को कहा क्योंकि जमींदार जायवार कोटि के ब्राह्मण थे. जमींदार को यह बात नागवार लगी. उन्होंने पारिवारिक संबंध के जरिये बदले की ठानी और मेरे परदादा जी का अपहरण कर अपने घर में शादी करा दी. मेरे परदादा जी को इस कृत्य की सजा मिली और उन्हें अछूत की तरह अलग कर दिया गया.मिथिला में इसका एक दूसरा रूप भी था. अक्सर गरीब परिवार की लड़कियों की शादी इस प्रकार होती थी, जो बाद में सामान्य हो जाती थी. धनी परिवार में भी यदि लड़की पढ़ी-लिखी नहीं होती थी, तो उसके लिए समाज के लोग पकरुआ शादी को अंजाम देते थे. जब शादी हो जाती थी, तो अक्सर उसे अपना लिया जाता था. समय के साथ इसमें बदलाव भी आया. ऐसी भी घटनाएं सामने आने लगीं कि जबरदस्ती शादी को लड़कों ने ही लड़कियों को अपनाना छोड़ दिया. तब दबंगों की भूमिका बढ़ी और डर से भी कई शादियां सामान्य हुई हैं. लेकिन कई लड़कियों को लड़कों के परिवार ने नहीं भी अपनाया. लड़की की दूसरी शादी मुश्किल हो गयी, तो अंतरजातीय शादी में तब्दील हो गयी. इस कारण ऐसी घटनाओं में कमी भी आयी है. अब लड़कियां भी अपनी पसंद और नापसंद बोलने लगी हैं. यद्यपि दहेज विरोधी कानून 1961 में ही बना था, किंतु यह प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो पाया. बढ़ते दहेज के कारण भी पकरुआ शादी कराने की घटना संगठित गिरोह के द्वारा होने की बात सामने आने लगी है.

पकरुआ शादी के शिकार सामान्यतः पढ़े-लिखे और नौकरीशुदा नौजवान होते रहे हैं. राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2020 में 7,194, 2019 में 10,295, 2018 में 10,310 और 2017 में 8,927 ऐसे मामले सामने आये. शादियां तो हो जाती हैं, पर लड़कियों को ससुराल में ताना सुनना पड़ता है और पति की उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है. इस सामाजिक घटना से बचने के लिए लड़कियों का शिक्षित होना और आत्मनिर्भर होना जरूरी है. इसका दूसरा पक्ष भी है कि अधिक पढ़-लिख लेने पर उतना ही योग्य जीवनसाथी मिलने की चुनौतियां भी होती हैं. दहेज की सामाजिक बीमारी सबसे बड़ी बाधा है. अक्सर पितृसत्तात्मक सोच और पुत्र का मोह मां को भी इसमें शामिल कर लेती है. यह तब हो रहा है, जब बिहार में लिंगानुपात बेहतर होने के बाद भी प्रतिकूल है. बेटियों को शिक्षित बनाने की कई पहलें सरकारों द्वारा की जाती रही हैं, पर पुरुष समाज और लड़कों को भी शिक्षित और संवेदनशील बनाने की जरूरत है. कानून और अदालत की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन महज कानून के अनुपालन से समाधान नहीं दिखता है.

संदर्भित मामले में लड़के को राहत मिली है, पर लड़कियों के लिए यह फैसला मानवीय पक्ष को और सामाजिक परिस्थितियों का समाधान नहीं देती है. लड़कियों के पिताओं को भी यह सोचने की जरूरत है कि लड़की बोझ नहीं है, बल्कि घर की शान है. लड़कियों को यूं ही कहीं किनारे लगाने की बात सोचना अन्याय और अपराध है. इस विषय पर 2019 में 'जबरिया जोड़ी' नामक फिल्म भी बनी है और 'भाग्य विधाता' धारावाहिक भी दूरदर्शन पर प्रसारित हुआ है. बाल विवाह जैसी कुप्रथा को बंद करने के लिए शारदा अधिनियम तो 1929 में ही बनाया गया था. सामाजिक चेतना में जब तक लड़कियों को बराबरी का दर्जा नहीं मिल जाता, तब तक यह गंभीर सामाजिक बुराई सभी कानूनों के बावजूद बदस्तूर जारी रहेगी. इसके खिलाफ सामाजिक संघर्षों को प्रभावी रखने की जरूरत है. समाज कानून का पालन करें, इससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि लड़कियों को बराबरी का दर्जा हासिल हो. कानून में लड़कियों को संपत्ति में बराबरी का अधिकार मिला है, लेकिन इसे लागू कर पाना आसान नहीं है. लड़कियों को स्वयं आगे आने की जरूरत है.

(ये लेखक के निजी विचार हैं.)



बिजनेस

# शेयर बाजार की तुफानी तेजी में सात का बाजार पूंजीकरण 3.04 लाख करोड़ रुपये बढ़ा, 3.47% उछला सेंसेक्स

**दिल्ली:** देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण बीते सप्ताह 3.04 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया. इसमें एचडीएफसी बैंक और एलआईसी में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,04,477.25 करोड़ रुपये बढ़ गया. इसके पीछे शेयर बाजार में जारी तेजी की अहम भूमिका रही. पिछले सप्ताह बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,344.41 अंक यानी 3.47 प्रतिशत बढ़ गया. कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 303.91 अंक यानी 0.44 प्रतिशत बढ़कर अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 69,825.60 अंक पर पहुंच गया. इस सप्ताह बाजार पूंजीकरण में सबसे ज्यादा वृद्धि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज में दर्ज की गई. निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 74,076.15 करोड़ रुपये बढ़कर 12,54,664.74 करोड़ रुपये हो गया. एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 65,558.6 करोड़ रुपये बढ़कर 4,89,428.32 करोड़ रुपये हो गया. बृहस्पतिवार को एलआईसी के शेयर 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचते ही बीमा कंपनी ने पांच लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लिया था.

आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 45,466.21 करोड़ रुपये बढ़कर 7,08,836.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 42,732.72 करोड़ रुपये बढ़कर 13,26,918.39 करोड़ रुपये हो गया. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 42,454.66 करोड़ रुपये बढ़कर 16,61,787.10 करोड़ रुपये हो गया. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 37,617.24 करोड़ रुपये बढ़कर 5,47,971.17 करोड़ रुपये हो गया. इन्फोसिस का शेयर 15,916.92 करोड़ रुपये बढ़कर 6,18,663.93 करोड़ रुपये हो गया. हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 9,844.79 करोड़ रुपये घटकर 5,92,414.19 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 8,569.98 करोड़ रुपये घटकर 5,61,896.90 करोड़ रुपये रह गया. आईटीसी का पूंजीकरण भी 935.48 करोड़ रुपये घटकर 5,60,223.61 करोड़ रुपये रह गया.




# विदेशी निवेशकों का फिर पहला पसंद बना भारत, इस सप्ताह बाजार में लगाये 26,505 करोड़ रुपय

**नई दिल्ली:** भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार में जारी तेजी के कारण एक बार फिर से विदेशी निवेशकों ने देश में निवेश करना शुरू कर दिया है. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने के पहले छह कारोबारी सत्रों में भारतीय इक्विटी बाजारों में 26,505 करोड़ रुपये का निवेश किया है. इसे तीन राज्यों में भाजपा की चुनावी जीत और मजबूत आर्थिक आंकड़ों का असर माना जा रहा है. इसके पहले अक्टूबर में एफपीआई ने 9,000 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था. डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त और सितंबर में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 39,300 करोड़ रुपये की निकासी की थी. जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आगे भी एफपीआई का निवेश प्रवाह जारी रहने की संभावना है.

आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने दिसंबर महीने में आठ तारीख तक भारतीय इक्विटी में 26,505 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है.

**क्या कहते हैं विशेषज्ञः** फिडेलफोलियो इन्वेस्टमेंट्स के संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों के नतीजों ने एफपीआई प्रवाह को तेजी देने में अहम भूमिका निभाई क्योंकि इससे आगे चलकर राजनीतिक स्थिरता का संकेत मिलता है. विजयकुमार ने कहा कि 2024 के आम चुनावों के बाद राजनीतिक स्थिरता रहने के संकेत, भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत वृद्धि की रफ्तार, मुद्रास्फीति में गिरावट, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार कमी और ब्रेंट क्रूड की कीमतों में नरमी ने हालात को भारत के पक्ष में बदल दिया है. मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सह निदेशक- शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अगले साल की पहली तिमाही से ब्याज दर में कटौती का संकेत दिया है जो ब्याज दर में तेजी का दौर खत्म होने का इशारा करता है. रुख में इस बदलाव से अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ है.



# धीरज प्रसाद साहू को छापेमारी में बरामद कैश पर कितना जुर्माना देना पड़ेगा ? जानें क्या हैं प्रावधान

**नई दिल्ली :** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और उनके करीबियों के ठिकानों से आयकर छापे में बरामद की गई रकम की गिनती जारी है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक 300 करोड़ रुपये की गिनती की जा चुकी है. अलमारियों में नोटों की गड्डियों की तस्वीरें सोशल मीडिया के तमाम प्लैटफॉर्म पर वायरल हो गई हैं. अब सवाल यह उठता है कि क्या आईटी रेड में बरामद रकम पर कितना जुर्माना लगेगा.

काला धन रोकने के लिए सरकार ने कैश लेनदेन से जुड़े कई नियम बनाये हैं. आयकर कानून घर में कैश रखने पर कोई सीमा लगाने का प्रावधान नहीं करता है. आप घर में जितना चाहें, उतना कैश रख सकते हैं. घर में कैश रखना बिल्कुल अवैध नहीं है, बशर्ते सारा कैश आपकी कानूनी कमाई का हिस्सा होना चाहिए. इस मामले में आयकर विभाग के प्रावधानों के अनुसार, छापेमारी के बाद यदि बेहिसाबी धन रखने वाले लोग इसका स्रोत नहीं बता पाएंगे तो उन पर टैक्स और जुर्माना, दोनों लगेगा.अगर किसी के घर या परिसर में आयकर विभाग छापा मारता है, तो उस कैश का स्रोत बताना जरूरी होता है. ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई तय है. इसका मतलब साफ है कि कोई भी चाहे जितना भी कैश रखे, वह काला धन नहीं होना चाहिए. उस कैश के स्रोत के बारे में एक सार्वजनिक उत्तर होना चाहिए. जैसे- इतना सारा कैश कहां से आया है, इसका स्रोत क्या है, इसका सही जवाब होना चाहिए.कई लोग अपने घर में बहुत सारा कैश रखते हैं. यह किसी के लिए शौक होता है और किसी के लिए जबरदस्ती होती है. एक व्यापारी के घर में कैश मिलना कोई बड़ी बात नहीं है. वह थोड़े दिनों बाद या अपनी सुविधा के अनुसार बैंक में कैश जमा करता है, लेकिन तब तक बहुत सारा कैश इकट्ठा हो जाता है. ऐसे में सवाल उठता है कि अगर किसी के घर में आईटी छापा में बहुत सारा कैश मिलता है और अधिकारियों को इसके कानूनी स्रोत के बारे में बता नहीं पाते हैं या कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकते हैं, तो क्या होगा ? ऐसे में, आयकर विभाग की टीम वह गैर-मान्यता वाला कैश जब्त कर देगी और 137 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है.नगद की जब्ती के बाद उसका आकलन किया जाता है. इसके बाद जब्त हुई राशि की बाकायदा एक विस्तृत रिपोर्ट या पंचनामा बनाकर फाइल किया जाता है. भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों को बरामद रकम की गिनती करने के लिए बुलाया जाता है.




# सरकार ने मार्च तक प्याज के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध, चीनी के दाम में भी आम आदमी को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए इसके निर्यात पर 31 मार्च तक के लिए रोक लगा दिया है. विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि प्याज के निर्यात की नीति को 31 मार्च, 2024 तक मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में डाल दिया गया है. इसके साथ ही, चीनी मिलों और भट्टियों को 2023-24 के लिए इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस या सिरप का उपयोग करने से रोक दिया है. हालांकि, खाद्य मंत्रालय ने सभी चीनी मिलों और डिस्टिलरियों के प्रबंध निदेशकों (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) को लिखे पत्र में स्पष्ट किया है कि बी-हेवी शीरे से तेल विपणन कंपनियों को एथनॉल की आपूर्ति जारी रहेगी. खाद्य मंत्रालय ने पत्र में कहा कि चीनी (नियंत्रण) आदेश 1966 के खंड 4 और 5 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी चीनी मिलों और डिस्टिलरीज को निर्देश दिया जाता है कि वे तत्काल प्रभाव से ईएसवाई (एथनॉल आपूर्ति वर्ष) 2023-24 में एथनॉल के लिए गन्ने के रस/चीनी के रस का उपयोग न करें. पत्र के अनुसार, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को बी-हेवी शीरे से प्राप्त एथनॉल की आपूर्ति जारी रहेगी. समझा जा रहा है कि चुनावी मौसम में केंद्र सरकार बढ़ती महंगाई को मुद्दा बनने से रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है.केंद्र सरकार के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होने से मुद्रास्फीति घटकर चार महीने के निचले स्तर पर 5 प्रतिशत से कम हो गयी है. हालांकि, बढ़ते आटा की कीमतों को देखते हुए सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वह भारतीय खाद्य निगम को मौजूदा 3 लाख टन के मुकाबले हर हफ्ते 4 लाख टन गेहूं बेचने की अनुमति देगा. इससे पहले, केंद्र ने बाहर से आने वाले शिपमेंट पर अंकुश लगाने के लिए प्याज के लिए 800 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (टएढ) तय किया था और घरेलू बाजार में मिठास की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चीनी के निर्यात पर भी गंभीर प्रतिबंध लगा दिया था. टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, एमईपी लागू होने के बावजूद प्रति माह 1 लाख टन से अधिक प्याज का निर्यात हुआ है.



## स्वस्थ जीवनशैली व नियमित व्यायाम करना है जरूरी

# मोटापा है सेहत के लिए खतरे की घंटी

**डॉ अंजली शर्मा योग विशेषज्ञ**

मोटापे को नियंत्रित करने में योगाभ्यास भी अहम भूमिका निभाता है. देखा जाये तो हमारे शरीर में फैट सबसे ज्यादा पेट, हिप्स और जांघों पर जमा होता है. इन आसनों के नियमित अभ्यास से इसे कम किया जा सकता है. रोजाना कम-से-कम पांच बार इन आसनों को करना चाहिए.



सीधे खड़े हो जाएं. दोनों पैरों को तकरीबन एक से डेढ़ फुट की दूरी पर खोल लें. कमर सीधी रखें. दोनों हाथों को साइड में कंधे की सीध में उठाएं. कमर से थोड़ा ट्विस्ट करते हुए नीचे की ओर झुकें. हाथ से विपरीत पैर को छूने की कोशिश करें यानी कमर को मोड़ते हुए दाहिने हाथ से बाएं पैर को छूने की कोशिश करें. दूसरा हाथ कंधे की सीध में ऊपर रखें. गर्दन को ऊपर वाले हाथ की ओर मोड़ लें और ऊपर देखें. इसी तरह दूसरे हाथ से योगासन करें. इसमें जब आप कमर को ट्विस्ट कर रहे हैं, तो सांस धीरे से बाहर निकालें. गहरी सांस लें और निकालते हुए नीचे झुकें.

**परिवृत्त त्रिकोणासन**

सीधे खड़े हो जाएं. दोनों पैरों को तकरीबन एक से डेढ़ फुट की दूरी पर खोल लें. कमर सीधी रखें. दोनों हाथों को साइड में कंधे की सीध में उठाएं. कमर से थोड़ा ट्विस्ट करते हुए नीचे की ओर झुकें. हाथ से विपरीत पैर को छूने की कोशिश करें यानी कमर को मोड़ते हुए दाहिने हाथ से बाएं पैर को छूने की कोशिश करें. दूसरा हाथ कंधे की सीध में ऊपर रखें. गर्दन को ऊपर वाले हाथ की ओर मोड़ लें और ऊपर देखें. इसी तरह दूसरे हाथ से योगासन करें. इसमें जब आप कमर को ट्विस्ट कर रहे हैं, तो सांस धीरे से बाहर निकालें. गहरी सांस लें और निकालते हुए नीचे झुकें. झुकने पर 8-10 सेकंड के लिए रुकें और सामान्य रूप से सांस लें.

**पवनमुक्तासन** : इस आसन को करने से पहले थोड़ा वार्मअप करें. जमीन पर चटाई बिछाकर सीधे लेट जाएं. दोनों पैरों को धीरे-धीरे 90 डिग्री के एंगल पर ऊपर उठाएं. दोनों पैरों को साइकिल चलाने की तरह हवा में 5-10 बार घुमाएं. इसके बाद पैर ऊपर ही रखें. दोनों पैरों के घुटनों को धीरे-धीरे मोड़ें. दोनों हाथों से घुटनों को पकड़ें. सांस बाहर निकालते हुए पेट की तरफ खींचें. सिर धीरे से उठाकर माथा, नाक या ठुड्डी से घुटनों को टच करें. इस स्थिति में सामान्य रूप से सांस लेते हुए कुछ सेकंड रुकें. सांस छोड़ते हुए पहली स्थिति में आने के लिए पहले सिर को नीचे लाएं. घुटने को छोड़ें और पैरों को सीधा ऊपर लाएं. फिर पैरों को धीरे-धीरे हाथों की सपोर्ट देते हुए वापस नीचे ले आएं.

**भुजंगासन**:पेट के बल लेट जाएं. दोनों हाथों की हथेलियां कंधे के नीचे जमीन पर टिकाकर रखें. पैरों को तानकर रखें और बीच में थोड़ी दूरी रहे. हथेलियों पर दबाव डालें व गहरी सांस अंदर लेते हुए सिर, गर्दन, कंधे, पीठ को धीरे-धीरे ऊपर उठाएं. यानी कंधे से हिप्स तक के अंगों को स्ट्रेच करते हुए सांप की तरह ऊपर उठाएं. इस पोजिशन में आसमान की तरफ देखें. 8-10 सेकंड रुकें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें. धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए पिछली स्थिति में आ जाएं.

**योगाभ्यास करने से पहले बरतें सावधानियां**: योगाभ्यास करने से पहले किसी योग प्रशिक्षित व्यक्ति से योगासन सीखना जरूरी है.

ध्यान **रखें कि आसन खाना खाने से 3-4 घंटे पहले या बाद में करें यानी आपका पेट खाली हो.**

अगर आपको पीठ दर्द, कमर, कंधे या घुटनों में दर्द है या किसी तरह की सर्जरी हुई हो, तो आसन करने से पहले योगाचार्य से सलाह अवश्य लें.

**चक्की चालनासन**

चक्की चालनासन रडउक्कअछ टएउक्कअ जमीन पर पैर सीधे करके बैठ जाएं. कमर को बिल्कुल सीधा रखते हुए दोनों पैरों को जितना हो सके, दूर-दूर फैलाएं. आगे की ओर झुकते हुए हाथों को सामने 90 डिग्री में ले जाएं. दोनों हाथों की उंगलियां आपस में बांधकर मुट्ठी बना लें. बीच से शुरू करके दोनों हाथों को चक्की की तरह चलाएं. हाथों को जितना दाहिनी तरफ के पैर तक लेकर जा सकें, ले जाएं. फिर शरीर को जहां तक पीछे ले जा सकते हैं, ले जाएं. फिर शरीर को यथासंभव बायीं तरफ झुकाते हुए आगे बायें पैर तक लेकर जाएं. फिर बीच में आएं. चक्की चालनासन पहले दायीं से बायीं, फिर बायीं से दायीं स्थिति में 5-5 बार दोहराएं. जब आगे की तरफ झुकें, तो गहरी सांस लें.











चिंता

## वास्तविकता से दूर है वैश्विक भूख सूचकांक



**डॉ अश्विनी महाजन**

जर्मनी की वेल्ट हंगरहिल्फे संस्था ने अपना 'हंगर इंडेक्स' और उस पर आधारित देशों की भुखमरी रैंकिंग जारी की है. इसमें फिर से भारत को अत्यंत नीचे 111वें स्थान पर रखा गया है. इस वर्ष रैंकिंग में 125 देश शामिल किये गये हैं. वर्ष 2022 में 121 देशों की सूची में भारत को 107वें और 2021 में 116 देशों की रैंकिंग में 101वें स्थान पर रखा गया था. पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसे देश भी भारत से ऊपर हैं, जो भारत से जाने वाले खाद्य पदार्थों पर निर्भर हैं. ऐसे में रिपोर्ट पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है.

हंगर इंडेक्स को मापने के चार पैमाने हैं- कुपोषण, बच्चों में ठिगनापन (स्टंटिंग), बच्चों का वजन (ऊंचाई के हिसाब से कम वजन) यानी वेस्टिंग और बाल मृत्यु दर (पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में). वेल्ट हंगरहिल्फे के अनुसार भारत में यह इंडेक्स 28.7 है, जो अत्यंत गंभीर है, जबकि पाकिस्तान में 26.6 है, जिसके कारण पाकिस्तान भी भारत से ऊपर 102वें पायदान पर है. बांग्लादेश 19.0 अंकों के साथ 81वें और श्रीलंका 13.3 अंकों के साथ 60वें स्थान पर है. इस सूचकांक के निर्माण में प्रयुक्त आंकड़ों और मेथडोलॉजी दोनों पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं. भारत सरकार ही नहीं, कई विशेषज्ञ भी रिपोर्ट को सिरे से नकार रहे हैं.

सूचकांक का बड़ा हिस्सा बाल मृत्यु दर को लेकर है. वर्ष 2023 का भुखमरी सूचकांक बनाते हुए, 2020-21 का आंकड़ा लिया गया है और बताया गया है कि भारत की बाल मृत्यु दर 31 प्रति हजार है. भारत के नमूना रजिस्ट्रेशन प्रणाली द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2019 के मुकाबले 2020 में बाल मृत्यु दर 35 प्रति हजार से घटकर 32 प्रति हजार पहुंच गयी थी. यदि बाल मृत्यु दर के घटने की इसी दर को माना जाए, तो 2023 तक इसके 24.4 तक होने का अनुमान है. ऐसे में कोई कारण नहीं कि देश को भुखमरी से पीड़ित बताने के लिए पुराने आंकड़ों का उपयोग किया जाए. ताजा आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान में शिशु मृत्यु दर 55.8 प्रति हजार है. बाल मृत्यु दर उससे भी अधिक है. इसके बावजूद भारत को पाकिस्तान से नीचे बताया जा रहा है. इसका कारण है कि भुखमरी सूचकांक के अन्य पैमानों में भी गलत आंकड़ों का उपयोग हुआ है. कुछ खोट अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के आंकड़ों में भी है. भारत सरकार द्वारा प्रकाशित आंकड़े जहां शिशु मृत्यु दर को 2020 में 28 प्रति हजार दिखा रहे थे, अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां उन्हें अपने पुराने अनुमानों के आधार पर 29.848 बता रही हैं. किसी भी विदेशी अथवा भारतीय एजेंसी को सरकार द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के ही उपयोग की अनुमति है. पर हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट खुले तौर पर कहती है कि जरूरी नहीं कि इस रिपोर्ट में सरकारों द्वारा दिये गये आंकड़े ही प्रयुक्त किये गये हों. कुपोषण के आंकड़ों को लेकर भी वेल्ट हंगरहिल्फे के पास तथ्यात्मक आंकड़े नहीं हैं, क्योंकि संबंधित एजेंसी द्वारा गृहस्थ उपभोग सर्वेक्षण 2011 के बाद हुआ ही नहीं. इसलिए 3000 लोगों के नमूने पर आधारित एक 'गैलप सर्वेक्षण' के आधार पर कुपोषण के आंकड़े तैयार किये गये हैं. यदि खाद्य पदार्थों के उत्पादन और उपलब्धता की बात करें, तो 188 देशों की उपलब्ध नवीनतम वैश्विक रैंकिंग (2020) में भारत का स्थान दुनिया में 35वां है. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए व्यापक पोषण अभियान शुरू किया गया है. पोषण ट्रैकर में सात करोड़ से अधिक बच्चों के वास्तविक आंकड़ों के आधार पर आंकड़े प्रकाशित किये जा रहे हैं, आंकड़े लगातार बता रहे हैं कि भारत के बच्चों में मात्र 7.2 प्रतिशत ही वेस्टिंग है, भुखमरी रिपोर्ट (2023) में छोटे सैंपल पर आधारित एनएफएचएस 2019-21 का 18.7 प्रतिशत वेस्टिंग का आंकड़ा प्रयुक्त हुआ है. ठिगनेपन पर विशेषज्ञों का मानना है कि पूरे देश के लिए कद का एक मानक नहीं हो सकता. ठिगनापन ही नहीं पतलापन भी भौगोलिक क्षेत्र, पर्यावरण, आनुवांशिक और पोषण जैसी कई बातों पर निर्भर करता है.

पोषण ट्रैकर के आधार पर देश में फरवरी 2023 में मात्र 7.7 प्रतिशत बच्चे ही कुपोषित थे. उधर मात्र 3000 लोगों के गैलप सर्वेक्षण के आधार पर भारत में कुपोषण का प्रमाण 16.6 प्रतिशत बताया जा रहा है. वेल्ट हंगरहिल्फे की रिपोर्ट की मेथडोलॉजी पर भी कई प्रश्न हैं.

फिर भी यदि भुखमरी सूचकांक निकालने के लिए जो फार्मूला एजेंसी द्वारा उपयोग किया गया है, उसी को मानते हुए यदि सही आंकड़े, यानी बाल मृत्यु दर 24.4 प्रति हजार, पांच वर्ष के बच्चों में वेस्टिंग को पोषण ट्रैकर द्वारा एकत्र आंकड़ों के अनुसार 7.2 प्रतिशत माना जाए और कुपोषण को पोषण ट्रैकर के आंकड़ों के अनुसार 7.7 माना जाए, और चूंकि स्टंटिंग के आंकड़े तुलनीय नहीं हैं, उन्हें छोड़ दिया जाए, तो भुखमरी सूचकांक का जो आंकड़ा प्राप्त होता है वह 9.528 निकलता है. भुखमरी सूचकांक में भारत की रैंकिंग 111वीं नहीं, 48वीं होती है. ऐसे में स्पष्ट है कि यह एजेंसी गलत आंकड़े और गलत मेथडोलॉजी का उपयोग करते हुए लगातार भारत को बदनाम करने की कोशिश करती है.

# मिलेट स्टार्टअप से किसानों की संवार रही जिंदगी

एक किसान परिवार में पली-बढ़ी शर्मिला जैन ओसवाल शादी के बाद कनाडा में अपने परिवार के साथ बेहतरीन जिंदगी जी रही थी. कनाडा में वह बतौर वकील काम कर रही थी. इसके एवज में उन्हें मोटी सैलरी भी मिलती थी. मगर, साल 2004 और 2006 के बीच भारत में किसानो की दुर्दशा और लगातार आत्महत्या की घटनाओ ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने नौकरी छोड़ने का फैसला कर लिया. वह देश के किसानो की स्थिति सुधारने के साथ-साथ पोषण सुरक्षा के क्षेत्र में काम करना चाहती थी.

**पोषक** तत्वों से भरपूर मोटे अनाज- ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी और कूटू आदि न सिर्फ सेहत के लिए फायदेमंद, बल्कि पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होते हैं, क्योंकि इनकी खेती में धान या गेहूं के मुकाबले कम पानी लगता है. मौजूदा दौर में मोटे अनाज की जरूरतों को पूरा करने के लिए पुणे की 52 वर्षीया शर्मिला जैन ओसवाल आज 'गुड मॉम' नाम से खुद का स्टार्टअप चला रही हैं. साथ ही इसके जरिये वह देश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी काम रही हैं.

एक किसान परिवार में पली-बढ़ी शर्मिला जैन ओसवाल शादी के बाद कनाडा में अपने परिवार के साथ बेहतरीन जिंदगी जी रही थीं. कनाडा में वह बतौर वकील काम कर रही थीं. इसके एवज में उन्हें मोटी सैलरी भी मिलती थी. मगर, साल 2004 और 2006 के बीच भारत में किसानों की दुर्दशा और लगातार आत्महत्या की घटनाओं ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने नौकरी छोड़ने का फैसला कर लिया. वह देश के किसानों की स्थिति सुधारने के साथ-साथ पोषण सुरक्षा के क्षेत्र में काम करना चाहती थीं. इसी सोच के साथ साल 2008 में वह वापस पुणे लौट आयीं. इस बीच किसानों की समस्याओं को समझने और उनकी स्थिति का जायजा लेने के लिए उन्होंने दो सालों तक महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में विभिन्न जगहों का दौरा किया. इसके बाद उन्होंने किसानों की मदद करने, जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों को उगाने सहित स्मार्ट खेती के तौर-तरीकों को बढ़ावा देने के लिए 'ग्रीन एनर्जी फाउंडेशन' नामक एनजीओ की नींव रखी. फिर अपनी संस्था के जरिये उन्होंने खेती-बाड़ी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया.

**किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए किया प्रोत्साहित**

साल 2008 में एनजीओ की स्थापना करने के बाद उन्हें पहली बार नाबार्ड से 10 लाख रुपये का अनुदान मिला. इसकी मदद से उन्होंने साल 2010 में महाराष्ट्र के बुचकेवाडी में अपना पहला टिकाऊ जल प्रबंधन कार्यक्रम शुरू किया. चूंकि, गांव जल संकट से जूझ रहा था.

इसके चलते खेतीबाड़ी करने में भी काफी मुश्किल हो रही थी. इस समस्या को दूर करने के लिए शर्मिला ने एक समान जल वितरण मॉडल पर काम किया, ताकि सभी ग्रामीणों को समान रूप से हर मौसम में पानी मिलता रहे. उन्होंने महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात में अपना काम जारी रखा. शर्मिला कहती हैं, रमक्का जैसी फसलों की खेती में बहुत अधिक पानी की जरूरत पड़ती है. इसलिए मेरी संस्था ने आइटीसी के ई-चौपाल के साथ साझेदारी कर डूंगरपुर में किसानों की काफी मदद की. किसानों जानकारी दी गयी कि कम पानी का इस्तेमाल कर कैसे मोटे अनाजों की खेती की जा सकती है. मेरी संस्था ने किसानों को बाजरा उगाने में भी काफी मदद की. शर्मिला के स्टार्टअप 'गुड मॉम' को भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान से जैविक खेती में सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप 2021 और 'पोशाक अनाज पुरस्कार 2022' मिल चुका है. वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 'मन की बात' में बाजरा की खेती बढ़ाने में उनके प्रयासों की सराहना कर चुके हैं. शर्मिला बताती हैं, ''मुझे खेतीबाड़ी का काफी शौक था. इसलिए इस क्षेत्र में कुछ ऐसा करने की इच्छा थी, ताकि किसानों की स्मार्ट तरीके से मदद कर सकूं.''



शर्मिला कहती हैं, ''जब पूरा देश कोरोना से जूझ रहा था, तब मेरा बेटा शुभम अशोक विवि से स्नातक करने के बाद घर पर ही मौजूद था.

बातचीत के क्रम में पता चला कि कैसे उसके दोस्त जंक फूड खाते थे. स्वस्थ भोजन के विकल्प के तौर खुद का स्टार्टअप शुरू करने का विचार आया. इस तरह 'गुड मॉम' की शुरुआत हुई. वे कहती हैं, 'गुड मॉम' की वेबसाइट पर मैं बाजरा नूडल्स, पास्ता, कुकीज, क्रैकर, जड़ी-बूटियां बेचती हूं. अधिकांश अनाज और खाने के लिए तैयार वस्तुओं की कीमत 48 रुपये से 150 रुपये के बीच है. आज अपने स्टार्टअप से मैं सलाना करीब 16 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर लेती हूं. 'गुड मॉम' से देशभर के करीब 5,000 से अधिक किसान जुड़े हुए हैं, जो बाजरा जैसी फसलों का उत्पादन करते हैं

# बॉलीवुड तड़का



## 'एनिमल' में तृप्ति डिमरी के न्यूड सीन से खुश नहीं थे पैरेंट्स

**मुंबई :** 'एनिमल' को लेकर लोग दो धड़े में बंट गए हैं। एक को फिल्म काफी अच्छी लग रही है तो वहीं कइयों का कहना है यह महिला विरोधी फिल्म है। फिल्म में रणबीर कपूर के अपोजिट रश्मिका मंदाना हैं लेकिन उनसे ज्यादा चर्चा तृप्ति डिमरी की हो रही है। फिल्म में एक छोटे से रोल ने उन्हें रातों रात पॉपुलर कर दिया। रणबीर के साथ तृप्ति ने न्यूड सीन दिए। अब एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उनका यह रोल देखकर उनके पैरेंट्स भी हैरान रह गए।

तृप्ति ने बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में खुलासा किया कि उनके पैरेंट्स ने उनसे कहा था कि उन्हें इंटीमेट सीन नहीं करना चाहिए था। उनसे पूछा गया कि उनके पैरेंट्स का क्या रिएक्शन था तो एक्ट्रेस ने कहा, ₹मेरे पैरेंट्स थोड़ा हैरान हो गए। उन्होंने कहा, 'हमने कभी भी फिल्मों में ऐसा कुछ नहीं देखा और तुमने वह किया।' उन्हें उस सीन से उबरने में वक्त लगा। हालांकि वो मेरे लिए उतने ही प्यारे थे। उनका रिएक्शन ऐसा था कि तुम्हें ये नहीं करना चाहिए था... लेकिन इट्स ओके। एक पैरेंट्स के तौर पर हम भी यही महसूस करेंगे।तृप्ति ने कहा, 'मैंने उनसे कहा कि मैं कुछ भी गलत नहीं कर रही हूं। यह मेरा काम है और जब तक मैं सहज और सुरक्षित हूं मुझे इसमें कोई समस्या नहीं है। मैं एक एक्ट्रेस हूं और जो भी किरदार निभाती हूं उसके लिए मैं 100 प्रतिशत ईमानदार हूं। मैंने वही किया।'इससे पहले तृप्ति ने बताया था कि फिल्म के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें हर सीन को बताते हुए कम्फर्टेबल फील करवाया। उन्होंने कहा कि उन सीन पर भले ही बहस चल रही है लेकिन हर इंसान का एक डार्क और सेल्फिश साइड भी होता है। फिल्म के एक सीन में जोया (तृप्ति) से रणवीर का किरदार रणविजय सिंह कहता है कि अगर वह उससे सच्चा प्यार करती है तो उसके जूते को चाटे। जोया ऐसा करने के लिए मान भी जाती है क्योंकि उसे लगता है उसने उसका इस्तेमाल किया।

> तृप्ति ने बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में खुलासा किया कि उनके पैरेंट्स ने उनसे कहा था कि उन्हें इंटीमेट सीन नहीं करना चाहिए था। उनसे पूछा गया कि उनके पैरेंट्स का क्या रिएक्शन था तो एक्ट्रेस ने कहा, ₹मेरे पैरेंट्स थोड़ा हैरान हो गए। उन्होंने कहा, 'हमने कभी भी फिल्मों में ऐसा कुछ नही देखा और तुमने वह किया।' उन्हें उस सीन से उबरने में वक्त लगा। हालांकि वो मेरे लिए उतने ही प्यारे थे।

## मुक्ति मोहन ने 'एनिमल' फेम एक्टर संग रचाई शादी, पिता को देख हुईं इमोशनल



**मुंबईः** डांसर और एक्टर मुक्ति मोहन ने एक्टर कुणाल ठाकुर से शादी रचा ली है। दुल्हन के जोड़े में मुक्ति बहुत खूबसूरत लग रही हैं। वह सिंगर नीति मोहन और कोरियोग्राफर शक्ति मोहन की बहन हैं। उन्होंने टीवी शोज 'झलक दिखला जा 6' और 'खतरों के खिलाड़ी 7' में हिस्सा लिया। कुणाल की बात करें तो उन्होंने हालिया रिलीज 'एनिमल' में काम किया है।इसके अलावा वह 'कबीर सिंह' में भी दिखे थे। कपल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शादी की कई तस्वीरें शेयर की हैं।

पहली फोटो में मुक्ति और कुणाल मंडप में खड़े हैं और उनके ऊपर जैसे फूलों की बारिश हो रही है। दूसरी फोटो में शक्ति मोहन और नीति मोहन उन्हें लेकर मंडप की ओर बढ़ रही है। अगली तस्वीर में मुक्ति, कुणाल के गले में फूलों की माला पहना रही हैं। एक में मुक्ति अपने पिता के साथ हैं। यह उनके लिए इमोशनल कर देने वाला पल भी है। अन्य तस्वीरों में उनके परिवार के सदस्यों को देखा ज सकता है।शादी में मुक्ति ने पिंक और व्हाइट कलर का हैवी लहंगा पहना। कुणाल व्हाइट और रेड कलर की शेरवानी में हैं। कपल ने पोस्ट के साथ लिखा, 'तुममें मुझे एक पवित्र कनेक्शन मिलता है।

तुम्हारे साथ मिलना किस्मत है। भगवान, परिवार और दोस्तों की दुआओं के लिए आभारी रहेंगे। हमारा परिवार खुश है और पति पत्नी के रूप में हमारी आगे की यात्रा के लिए आपका आशीर्वाद चाहते हैं। सेलेब्स के कमेंट्स कमेंट सेक्शन में सेलिब्रिटीज ने बधाइयां दी हैं। विजय वर्मा ने लिखा, 'बधाई हो। बहुत ही खूबसूरत।' विशाल ददलानी लिखते हैं, 'तुम दोनों बहुत खूबसूरत लग रहे हो। सॉरी मैं वहां नहीं आ सका। मुक्ति और कुणाल को दुनिया की सभी खुशियां मिले।' सिंगर ऋचा शर्मा लिखती हैं, 'तुम्हें और तुम्हारे परिवार को बहुत-बहुत बधाइयां।'

## कार्तिक आर्यन ने फिर थामा सारा अली खान का हाथ

## अगली फिल्म में आएंगे साथ नजर!



नई दिल्लीः बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 2' ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। अब इस फिल्म के अगले पार्ट का फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच खबर है कि कार्तिक आर्यन फिल्म 'भूल भुलैया 3' में अपनी एक्स गर्लफ्रेंड सारा अली खान के साथ नजर आएंगे। सारा अली खान और कार्तिक आर्यन के रिलेशनशिप की खबरें खूब चर्चा में रही थीं और 'लव आज कल' (2020) के बाद से दोनों किसी भी फिल्म में साथ नजर नहीं आए हैं।बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी 2024 में इइ2 की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। फिल्म में सारा अली खान के अलावा कियारा आडवाणी और तब्बू के भी नजर आने की खबर है। कार्तिक आर्यन, अनीस बज्मी और भूषण कुमार ने फिर एक बार इस सुपरहिट फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। सूत्रों के हवाले से इल्ह ने बताया, ₹भूल भुलैया भूषण कुमार और कार्तिक आर्यन की पसंदीदा फ्रेंचाइजी है और पार्ट 3 के लिए वो इसका बजट बढ़ाना चाहते हैं।कब शुरू होगी लव आज कल 2 की शूटिंग?

जानकारी के मुताबिक मेकर्स ने स्क्रिप्ट लॉक करने के लिए काफी तेजी से काम किया है। अब फरवरी 2024 तक इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी जाएगी। मालूम हो कि कार्तिक आर्यन और सारा अली खान की फिल्म 'लव आज कल 2' बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों के करीब आने की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। लेकिन फिल्म की रिलीज के बाद दोनों ने दूरियां बना लीं। हालांकि पब्लिक इवेंट्स में दोनों कई बार सात नजर आते रहे।

> कार्तिक आर्यन और सारा अली खान की फिल्म 'लव आज कल 2' बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों के करीब आने की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी।



## उर्फी जावेद ने पार की बेशर्मी की सारी हदें, इस बार बिना कपड़ों के ही करा डाला फोटोशूट

**मुबई।** टीवी की सबसे बोल्ड एक्ट्रेस उर्फी जावेद इस वक्त इंटरनेट सेंसेशन बनी हुई हैं। उर्फी हर बार कुछ ऐसा करती है कि लोगों की आंखें फटी की फटी रह जाती हैं। हर बार यूजर्स यही सोचते हैं कि इस बार उर्फी क्या नया कारनामा करने वाली हैं। अब तक वो हर उस चीज से अपने लिए ड्रेस बना चुकी हैं, जिसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते हैं। लेकिन इस बार उन्होंने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी है। उर्फी जावेद का नया वीडियो सामने आया है, जिसे उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में उर्फी ने सारी हदें पार कर दी है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि उर्फी ने बिना कपड़े पहने ही कपड़े सुखाने वाली रस्सी को बदन पर लपेटा हुआ है। उन्होंने अपने हाथों से फ्रंट को कवर किया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में एनिमल का सॉन्ग चल रहा है। उर्फी ने मेकअप के नाम पर सिर्फ लिपस्टिक लगाया हुआ है और बलों को कवर करके जूड़ा बनाया है। उर्फी जावेद का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में बना हुआ है। अब तक इसे काफी बार देखा जा चुका है।

## हाथ में बंदूक लिए दबंग अंदाज में अक्षरा सिंह ने कहा- 'पटना की लड़की है'...

**नई दिल्लीः** भोजपुरी सिनेमा की हॉट एंड ब्यूटीफुल सिंगर और एक्ट्रेस अक्षरा सिंह आज इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। बतौर सिंगर अपने करियर की शुरुआत करने वाली अक्षरा आज बॉलवुड तक अपनी पहचान बना चुकी हैं। अक्षरा भोजपुरी इंडस्ट्री की हाई पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हैं। अब तक वह कई सुपरहिट सॉन्ग और फिल्में दे चुकी हैं। इसी बीच उनका एक नाया भोजपुरी गाना जल्द ही रिलजी होने वाला है। इस गाने का टाइटल 'पटना की लड़की है'। आज इस गाने का टीजर आउट कर दिया गया है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।अक्षरा सिंह के नए गाने 'पटना की लड़की है' के टीजर को उनके चाहने वोले काफी पसंद कर रहे हैं। गाने को टीजर रिलजी होते ही यूट्यूब पर वायरल हो रहा है। 'पटना की लड़की है' का टीजर सामने आते ही फैंस इस गाने के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में आप देख सकते हैं कि अक्षरा फुल ऑन एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। वो अपने मुंह में माचिस की तीली दबाए हुए दबंग स्टाइल में नजर आ रही हैं। अक्षरा सिंह के इस गाने का टीजर उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है।

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

**संपादक : अनुज कुमार**

TitleCode: UPHIN51223

**मोबाइल नंबर**

**9456884327**

**Officialsabkasapna@gmail.com**

**www.sabkasapna.com**

**नोट-** समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

## अंगद ने साहिबा को बचाया, गैरी की सच्चाई जान रह गया हक्का-बक्का

**मुंबई,** तेरी मेरी डोरियां के 10 दिसंबर के एपिसोड में देखेंगे कि गैरी और उसके बाकी साथी साहिबा को अकेले कार में छोड़ देते हैं। वह कार को स्टार्ट कर देते हैं। साहिबा बेहोश है और उसकी गाड़ी एक दीवार से टकरा जाती है। जैसे ही गैरी वहां से चला जाता है अंगद पहुंचता है। गाड़ी टकराने की वजह से साहिबा के सिर में चोट लगी होती है। अंगद साहिबा को गाड़ी से निकालता है और उसके चेहरे पर पानी के छीटें मारता है। थोड़ी देर में उसे होश आ जाता है। वह बताती है खुद से ड्राइविंग सीट पर नहीं बैठी थी उसे गैरी ने कार में बैठाया था लेकिन अंगद उस पर यकीन नहीं करता है।

उसे लगता है चोट की वजह से वहम हुआ है। जब गैरी सारी बातें बता रहा था तब साहिबा ने उसकी सारी बातें सुन ली थीं। वह बेहोशी का नाटक कर रही थी। साहिबा बताती है सनी सूद कोई है ही नहीं। उसे गैरी ने ही बनाया है और इसमें वह होटल मैनेजर भी मिला हुआ है। उसने खुद को एक्सीडेंट से इस वजह से नहीं बचाया ताकि गैरी को इसका शक ना हो। पूरी बात सुनने के बाद अंगद को साहिबा की बात पर यकीन आ जाता है। अब उसका भाई ही उसका दुश्मन बन गया है।गैरी की वजह से साहिबा को चोट लगी है। इस वजह से उसे बहुत बुरा लगता है क्योंकि इसमें उसका भाई ही शामिल है।

उसने बकायदा पूरी टीम बनाई है। साहिबा आगे यह भी बताती है कि इन सबके पीछे गैरी नहीं बल्कि मास्टरमाइंड कोई और है। जिसने यह पूरा खेल रच रहा है। गैरी ने उस वक्त अपने बॉस के बारे में बताया था लेकिन उसने बॉस का नाम नहीं लिया था। साहिबा उस होटल में चलने के लिए कहती है क्योंकि हो सकता है गैरी वहीं पर हो। अंगद अपने रूमाल से साहिबा के सिर पर पट्टी बांधता है और वहां से होटल के लिए निकल जाता है। जसलीन और यशराज की होने वाली है सगाई

दोनों इस मुश्किल में फंस हुए हैं दूसरी तरफ जसलीन और यशराज की सगाई होने वाली है। घर में खुशी का माहौल है। सीरत के लिए भी यह खुशी का मौका है। गैरी का उससे पीछा छूट गया है और सास भी शादी के बाद चली जाएगी। इंदर सगाई के दिन अंगद को फोन करता है लेकिन उसका फोन बंद आता है। अंगद और साहिबा गाड़ी में होते हैं और उस होटल में जाने के लिए आगे बढ़ते हैं।

> गाड़ी टकराने की वजह से साहिबा के सिर में चोट लगी होती है। अंगद साहिबा को गाड़ी से निकालता है और उसके चेहरे पर पानी के छीटें मारता है। थोड़ी देर में उसे होश आ जाता है। वह बताती है खुद से ड्राइविग सीट पर नही बैठी थी उसे गैरी ने कार में बैठाया था लेकिन अंगद उस पर यकीन नही करता है।

